रोहतक

शनिवार, 13 सितंबर 2025

अश्विन मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 29, अंक : 224
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**

अधि. 36.5
न्यून. 21.8

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 81,904.70 | 355.97 ▲ |
| निफ्टी | 25,114.00 | 108.40 ▲ |

| धातु | कीमत | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| सोना | 1,13,800/- | 700/- ▲ |
| चांदी | 1,32,000/- | 4000/- ▲ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 88.28 | 7 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 66.80 बैरल | 0.65% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*




## खबर संक्षेप

### वैष्णो देवी यात्रा कल से होगी बहाल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर के लिए तीर्थयात्रा 19 दिनों तक स्थगित रहने के बाद रविवार से फिर से शुरू होगी। यात्रा 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद स्थगित कर दी गई थी जिसमें 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। भाषा

### कंगना रनौत ने मानहानि मामले में याचिका वापस ली



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने उच्चतम न्यायालय से अपनी याचिका वापस ले ली जिसमें 2020-21 के किसान आंदोलन के संबंध में कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए उनके खिलाफ दर्ज शिकायत को रद्द करने से उच्च न्यायालय के इनकार को चुनौती दी थी। भाषा

### विमान का टायर टेकऑफ के दौरान रनवे पर गिरा



**मुंबई।** गुजरात के कांडला से मुंबई आ रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में बड़ा हादसा टल गया। कांडला एयरपोर्ट पर टेकऑफ के दौरान बॉम्बार्डियर क्यू400 प्लेन का एक टायर रनवे पर गिर गया। पायलट ने सूझबूझ दिखाते हुए उड़ान जारी रखी। मुंबई एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग से पहले फुल इमरजेंसी घोषित कर दी। भाषा

### नई दिल्ली और बॉम्बे हाईकोर्ट में बम की धमकी झूठी निकली



**नई दिल्ली।** दिल्ली और बॉम्बे हाईकोर्ट को शुक्रवार को बम की धमकी मिली। पहले दिल्ली हाईकोर्ट को भेजे ईमेल में कोर्ट रूम में 3 बम रखे होने की जानकारी दी गई। इसमें दोपहर 2 बजे तक कोर्ट कैंपस खाली करने को कहा गया। इसके बाद पुलिस ने कोर्ट को खाली कराया। बम स्क्वॉड ने तलाशी ली, लेकिन बम की धमकी झूठी निकली। एजेंसी

---

### देश का नया स्वदेशी नेवी बेस नौसेना को देगा मजबूती
### समुद्री सुरक्षा के लिए खास

# अरावली की पहाड़ियों के बीच बना प्रदेश में पहला नेवी बेस, नाम आईएनएस अरावली

**नेवी चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी की मौजूदगी में हुआ कमीशन**

**हिंद महासागर पर एआई से रखी जाएगी पैनी नजर दुश्मन देशों की हर हलचल की होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग, यह बेस सेकंड में जानकारी नौसेना को देगा**

**गुरुग्राम (हरिभूमि न्यूज)।** हिंद महासागर में चीन लगातार अपना दबदबा बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इसी बीच भारत ने भी अपनी समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। हरियाणा के गुरुग्राम में अरावली पहाड़ियों के बीच प्रदेश का पहला नेवी बेस शुक्रवार को शुरू हो गया है। इसका नाम आईएनएस अरावली रखा गया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने इसे औपचारिक रूप से नेवी में शामिल किया। खास बात ये भी है कि भारतीय सेना के सूचना तंत्र को मजबूत करने के लिए इसरो के सैटेलाइट जीसैट-7 आर से पहले आईएनएस अरावली की शुरुआत हुई।



#### दुश्मन देशों का डाटा देगा

आईएनएस अरावली के शुरू होने के बाद हिंद महासागर में दुश्मन देशों की हर हलचल पर रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी। यह बेस सेकेंडों में समुद्र में मौजूद हर शिप की लोकेशन और मूवमेंट का डेटा नेवी तक पहुंचाएगा। आईएनएस अरावली के तौर पर नए नौसैनिक अड्डे की स्थापना समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में नया मील का पत्थर है।




#### सबसे नजदीक कांडला बंदरगाह

गुरुग्राम से सबसे नजदीकी बंदरगाह गुजरात का कांडला है, जो करीब 1,148 किलोमीटर दूर है। यह बहुत ही दिलचस्प है कि कोई नौसैनिक अड्डा समुद्र से इतनी दूर रहकर भारतीय समुद्र की कैसे रक्षा कर सकता है, तो इसका एकमात्र जवाब है- टेक्नोलॉजी।

#### 50 जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया

कमीशनिंग समारोह में नौसेना प्रमुख को 50 जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। यूनिट के प्रथम कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन सचिन कुमार सिंह ने संस्कृत में मंगलाचरण का पाठ किया और उसके बाद कमीशनिंग वारंट पढ़ा। नव्वा अध्यक्ष शशि त्रिपाठी द्वारा कमीशनिंग पट्टिका के अनावरण के बाद, राष्ट्रगान की धुन पर नौसेना ध्वज फहराया गया। राष्ट्रगान के अंतिम स्वर के साथ, कमीशनिंग पताका को मस्तूल पर तोड़ा गया।

#### एआई आधारित सिस्टम

इस नेवी बेस में मॉडर्न आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और बिग डेटा एनालिसिस सिस्टम लगाया गया है। इससे यह तुरंत पता चल जाएगा कि कौन सा जहाज मित्र देश का है और कौन संदिग्ध। यह तकनीक नौसेना को हर पल अपडेटेड रखेगी।

#### 25 देशों के 43 सेंटर से लाइव फीड

आईएनएस अरावली की खासियत यह भी है कि यहां 25 देशों के 43 मल्टीनेशनल सेंटर से लगातार लाइव फीड आती रहेगी। इस फीड के जरिए न केवल भारतीय नेवी को जानकारी मिलेगी बल्कि किसी आपात स्थिति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग भी तुरंत हासिल होगा। अमेरिका, फ्रांस, जापान, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे बड़े देश इस नेटवर्क से जुड़े हैं।

#### गैरकानूनी गतिविधियों पर कड़ी नजर

यह सेंटर समुद्र में होने वाली गैरकानूनी गतिविधियों को रोकने में बड़ी भूमिका निभाएगा। इसमें समुद्री डकैती, आतंकवाद, मानव तस्करी, ड्रग्स की तस्करी और आईयूयू फिशिंग (अवैध मछली पकड़ने) जैसी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

---

### राष्ट्रपति, सैन्य अधिकारियों और जेन जेड के बीच बनी सहमति राष्ट्रपति कार्यालय का ऐलान

### सुशीला ने नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बनकर रचा इतिहास

# नेपाल में पूर्व प्रधान न्यायाधीश कार्की चलाएंगी अंतरिम सरकार

*रात 9 बजे ली शपथ, फिलहाल कोई मंत्री नहीं, राष्ट्रपति का ऐलान-6 माह में होंगे चुनाव, कई दिनों से चली आ रही राजनीतिक अस्थिरता होगी समाप्त*



एजेंसी/भाषा ▶▶| काठमांडू

पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की नेपाल की पहली महिला अंतरिम पीएम बन गई हैं। उन्हें राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शुक्रवार रात करीब 9 बजे राष्ट्रपति भवन शीतल निवास में शपथ दिलाई। फिलहाल किसी और को मंत्री नहीं बनाया गया है। राष्ट्रपति ने ऐलान किया है कि अगले छह महीनों के भीतर संसद का नया चुनाव कराया जाएगा। वहीं, जेन-जेड नेताओं ने इस सरकार में शामिल होने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि वे सरकार में शामिल नहीं होंगे, लेकिन सरकार के कामकाज की निगरानी करेंगे। कार्की नेपाल की पहली महिला चीफ जस्टिस भी रह चुकीं हैं। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया है। नई पीएम के शपथ ग्रहण करते ही नेपाल में कई दिनों से चल रही राजनीतिक अस्थिरता समाप्त हो सकती है, क्योंकि कथित भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंधों के खिलाफ युवाओं के हिंसक प्रदर्शन के चलते मंगलवार को के पी शर्मा ओली को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था।

#### तीन दिन चली वार्ता

- सुशीला ने बीएचयू से पॉलिटिकल साइंस में पोस्ट ग्रेजुएशन किया
- कई बार भ्रष्टाचार के खिलाफ मुखर रहीं
- सरकार के कामकाज की निगरानी करते रहेंगे जेन जेड नेता

**2016 में नेपाल की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनी सुशीला, कैबिनेट में कोई जेन जेड नेता शामिल नहीं**



#### कानून-व्यवस्था बहाल करने की चुनौती

रविवार से बड़े पैमाने पर जारी विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर कार्की के समक्ष नेपाल में कानून-व्यवस्था बहाल करने की चुनौती है। राष्ट्रपति की प्रेस सलाहकार ने कहा कि सभी पक्षों के बीच आम सहमति के बाद सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शपथ ग्रहण के बाद कार्की एक छोटा मंत्रिमंडल गठित करेंगी और मंत्रिमंडल की पहली बैठक में विभिन्न हितधारकों के बीच बनी सहमति के अनुसार राष्ट्रपति को संसद भंग करने की सिफारिश करेंगी। इसके बाद राष्ट्रपति संसद भंग कर देंगे।

#### सभी से किया गया विचार विमर्श

अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति पौडेल ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त करने का फैसला लेने से पहले प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं, कानूनी विशेषज्ञों और नागरिक समाज के सम्मानित व्यक्तियों से भी अलग-अलग विचार-विमर्श किया। 'जेन जेड' समूह द्वारा बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू करने के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा।

#### 51 की हो चुकी मौत

प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगों में भ्रष्टाचार पर अंकुश, पक्षपात को समाप्त करना और सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध हटाना शामिल था। नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध के खिलाफ हाल में हुए 'जेन जेड' प्रदर्शन में एक भारतीय नागरिक सहित 51 लोगों की मौत हुई है। वर्ष 1997 से लेकर 2012 तक के बीच जन्में युवाओं को आम तौर पर 'जेन जेड' पीढ़ी के नाम से जाना जाता है।

#### राष्ट्रपति पौडेल, शीर्ष सैन्य अफसरों और 'जेन जेड' प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद कार्की को अंतरिम पीएम चुना

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, नेपाल के शीर्ष सैन्य अधिकारियों और 'जेन जेड' के प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक के बाद कार्की को अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए चुना गया। करीब 50 साल पहले जब सुशीला कार्की ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी की थी, तो शायद उन्होंने यह नहीं सोचा होगा कि वह नेपाल की राजनीति में एक कीर्तिमान स्थापित करेंगी। नेपाल के उच्चतम न्यायालय की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश कार्की (73) ने शुक्रवार रात पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। जुलाई 2016 में कार्की को नेपाल का 24वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया था और वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली और अब तक की एकमात्र महिला बनीं। कार्की लगभग 11 महीने तक इस पद पर रहीं। वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश त्रिपाठी ने कहा, 'उन्होंने भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता वाली एक साहसी और निष्पक्ष न्याय की वकालत करने वाली महिला की छवि बनाई है।

---

### *देश के 15वें उपराष्ट्रपति ने ली शपथ*

# राधाकृष्णन ने रास के सभापति के रूप में भी संभाला कार्यभार

**राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू ने शपथ दिलाई, सितंबर 2030 तक होगा कार्यकाल**

**इस्तीफा देने के 53 दिन बाद दिखे धनखड़, कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी भी शामिल हुए**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

चंद्रपुरम पोन्नुसामी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। बाद में उन्होंने राज्यसभा के सभापति के रूप में पदभार ग्रहण किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति भवन में एक संक्षिप्त समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। लाल कुर्ता और सफेद रंग की धोती पहने राधाकृष्णन ने ईश्वर के नाम पर अंग्रेजी में शपथ ली। समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। राष्ट्रपति ने शपथ लेने के बाद राधाकृष्णन को बधाई दी।

*(पेज-5 भी देखें)*



#### ये नेता पहुंचे

पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। वह अगली पंक्ति में अपने पूर्ववर्ती वेंकैया नायडू के बगल में बैठे थे और उनसे बातचीत करते देखे गए। पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जे पी नड्डा पहली पंक्ति में बैठे थे।

---

## यूएस में पत्नी-बेटे के सामने भारतीय मूल के होटल प्रबंधक का सिर कलम

- बाइडेन प्रशासन के रिहा किए अपराधी ने की वारदात
- वॉशिंग मशीन को लेकर हुआ दोनों के बीच विवाद
- सीसीटीवी फुटेज में आरोपित चाकू से नागमल्लैया पर हमला करते दिखा

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** अमेरिका के टेक्सॉस में भारतीय मूल के शख्स 50 वर्षीय होटल मैनेजर चंद्रमौली नागमल्लैया (प्रचलित नाम बॉब) की बड़ी ही बेरहमी से उनकी पत्नी और बेटे के सामने कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई है। घटना से जुड़ा पूरा घटनाक्रम डलास के डाउनटाउन सूट्स होटल में हुआ। मूलरूप से कर्नाटक के रहने वाले नागमल्लैया द्वारा आरोपित 37 वर्षीय योर्डानिस कोबोस मार्टिनेज के सामने उसकी महिला सहयोगी को टूटी हुई वाशिंग मशीन को इस्तेमाल न करने के लिए कहने से जुड़ा हुआ है। जिस पर आगबबूला योर्डानिस ने चंद्रमौली से सीधे बात करने की बजाय पहले अपनी महिला सहकर्मी से उनके निर्देशों का अनुवाद करने के लिए कहा। फिर कुल्हाड़ी निकाली और चंद्रमौली पर हमला करना शुरू कर दिया। सीसीटीवी में भी यह वाकया कैद हो गया।

---

## हिसार से जयपुर की हवाई सेवा शुरू सीएम सैनी ने किया शुभारंभ



- अयोध्या, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए पहले से ही चल रही उड़ानें
- हिसार से जयुपर तक का किराया 2300 रुपये होगा
- हिसार से अहमदाबाद व जम्मू तक हवाई सेवाएं जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सीएम नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसार से जयपुर के लिए हवाई सेवाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने चंडीगढ़ से वर्चुअल माध्यम से हवाई सेवाओं का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज यह नई उड़ान की शुरुआत नहीं, बल्कि हरियाणा के विकास, क्षेत्रीय समावेशन और आधुनिक कनेक्टिविटी की दिशा में एक अहम कदम है। हिसार से जयुपर तक का किराया 2300 रुपये होगा। हवाई सेवाओं में बढ़ती हरियाणा की पहचान राज्य के आत्मनिर्भर, प्रगतिशील और समावेशी भविष्य की नींव का पत्थर साबित होगी। गत 9 जून को हिसार-चंडीगढ़-हिसार हवाई सेवाओं का शुभारंभ भी किया गया। जल्द ही हिसार से अहमदाबाद और जम्मू तक हवाई सेवाओं का भी शुभारंभ करेंगे।

---

### सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी देशभर में पटाखे बैन हों, सिर्फ दिल्ली के लिए नीति नहीं बना सकते

*दिवाली से पहले शीर्ष कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से मांगा जवाब*

# पटाखों पर प्रतिबंध दिल्ली-एनसीआर में ही क्यों, पूरा देश स्वच्छ हवा का हकदार

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में पटाखों पर प्रतिबंध को चुनिंदा तरीके से लागू करने पर सवाल उठाया और कहा कि अगर स्वच्छ हवा राष्ट्रीय राजधानी के 'कुलीन' निवासियों का अधिकार है, तो यह पूरे देश के नागरिकों को भी मिलना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पटाखों के विनियमन से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, 'अगर एनसीआर के शहर स्वच्छ हवा के हकदार हैं, तो दूसरे शहरों के लोग क्यों नहीं? जो भी नीति होनी चाहिए, वह अखिल भारतीय स्तर पर होनी चाहिए। हम केवल इसलिए दिल्ली के लिए नीति नहीं बना सकते कि वे देश के कुलीन नागरिक हैं।'

#### कुलीन वर्ग अपना ख्याल खुद रखने में सक्षम



न्याय मित्र, वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने कहा, ''कुलीन वर्ग अपना ख्याल खुद रखता है। प्रदूषण होने पर वे दिल्ली से बाहर चले जाते हैं।' पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से इस मुद्दे पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने को कहा। विधि अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण आभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) प्रदूषण कम करने के लिए 'हरित पटाखों' की व्यवहार्यता की जांच कर रहा है।

#### यह कहा सीजेआई ने



मैं पिछले साल सर्दियों में अमृतसर गया था। वहां प्रदूषण दिल्ली से भी बदतर था। अगर पटाखें बैन करने हैं तो पूरे देश में करने चाहिए। दूसरे शहरों के लोग भी साफ हवा के हकदार हैं। हम केवल दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना की वे देश के कुलीन नागरिक हैं। **-बी आर गवई,** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया



#### यह बोले पटाखा निर्माता

पटाखा निर्माताओ की ओर से पेश वकील ने नीरी को अनुमेय रासायनिक संरचना निर्धारित करने का सुझाव दिया, जिसे उद्योग पटाखों के डिजाइन में शामिल कर सके। हालांकि, कुछ पक्षों का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता के. परमेश्वर ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिबंधों के साथ-साथ, अधिकारी उनके मौजूदा लाइसेंस भी रद्द कर रहे हैं। पीठ ने टिप्पणी की कि अधिकारियों द्वारा पटाखों के लाइसेंस रद्द करने के संबंध में यथास्थिति बनी रहेगी और उन्होंने मामले की सुनवाई 22 सितंबर के लिए स्थगित कर दी।

## खबर संक्षेप



### जीएसटी चोरों का पता लगाने के लिए आबकारी विभाग ने किया एमओयू

**चंडीगढ़।** आबकारी एवं कराधान विभाग ने चंडीगढ़ में राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, लखनऊ के साथ अपने अधिकारियों की क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसमें हानि विवरण और बैलेंस शीट के विश्लेषण के माध्यम से जी.एस.टी चोरी का पता लगाने के उपाय और आयकर कानून से क्रॉस-लर्निंग शामिल होगा। इन-कैम्पस आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम नवंबर माह से शुरू होंगे। प्रवक्ता ने बताया कि समझौता ज्ञापन पर हरियाणा की ओर से आबकारी एवं कर आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने और राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, लखनऊ की ओर ले अतिरिक्त प्रधान महानिदेशक नील जैन ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आबकारी एवं कराधान विभाग की प्रशासनिक सचिव अशिमा बराड़ भी उपस्थित रहीं।

## एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी सख्त

# बसई वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट टेंडर में गड़बड़ी, चीफ इंजीनियर चार्जशीट

**सैनी बोले- विकास परियोजनाओं में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम के बसई वाटर ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट में टेंडर प्रक्रिया में हुई गंभीर गड़बड़ियों पर कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने इस मामले में लापरवाही बरतने वाले चीफ इंजीनियर को चार्जशीट करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस परियोजना की टेंडर प्रक्रिया के दौरान जानबूझकर नियमों की अनदेखी की गई, जिसके चलते राज्य सरकार को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा। इसके साथ ही इस गड़बड़ी की वजह से परियोजना के क्रियान्वयन में भी अनावश्यक देरी हुई है, जिससे जनता को समय पर सुविधा नहीं मिल सकी। मुख्यमंत्री ने ये निर्देश आज यहां उनकी अध्यक्षता में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) तथा हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (एचपीडब्ल्यूपीसी) की बैठक में दिए। बैठक में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा और राज्य मंत्री राजेश नागर उपस्थित रहे।



### 851 करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट और वस्तुओं की खरीद को मंजूरी

एचपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक में लगभग 851 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट तथा विभिन्न वस्तुओं की खरीद को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न बोलीदाताओं से नेगोसिएशन के बाद दरें तय करके लगभग 28 करोड़ रुपये की बचत की गई है। यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन में 16,20,25,63 और 100 केवीए के ट्रांसफार्मरों की मरम्मत के लिए 133 करोड़ रुपये की मंजूरी प्रदान की गई। साथ ही, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, हैफेड और एचएसडब्ल्यूसी द्वारा आवश्यक 18,353 ब्लैक पॉलीथीन कवर की खरीद के लिए भी वार्षिक दर अनुबंध को मंजूरी दी गई।

### डिस्ट्रीब्यूटरी की रिमॉडलिंग ट्रांसफार्मर खरीदे जाएंगे

*बैठक में लगभग 14 करोड़ रुपये की लागत से आरडी-74250 से आरडी-109250 तक राणा डिस्ट्रीब्यूटरी की रिमॉडलिंग के कार्य को मंजूरी दी गई। बैठक में लगभग 15.47 करोड़ से 132/11 केवी ट्रांसफार्मरों की खरीद को भी मंजूरी दी गई। बैठक में ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ए के सिंह, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, वित्त विभाग के आयुक्त एवं सचिव- 1 मोहम्मद शाइन, आपूर्ति एवं निपटन विभाग के महानिदेशक पंकज मौजूद रहे।*

### सीएम ने कहा

- टेंडर प्रक्रिया में जानबूझकर नियमों की अनदेखी की गई
- अनदेखी के चलते सरकार को वित्तीय नुकसान उठाना पड़ा
- अधिकारी पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए

### 178 करोड़ से सड़कें सुधरेंगी

बैठक में 178 करोड़ से अधिक की सड़क सुदृढ़ीकरण कार्यों को मंजूरीदी गई है। करनाल-असंध-जींद-हांसी-तोशाम-सोडिवास सड़क के खंड हांसी-तोशाम सड़क एसएच-12 को फोर-लेन करने और सुदृढ़ीकरण के कार्य को मंजूरी दी गई। इसके अलावा, तोशाम- भिवानी सड़क की मरम्मत, रोहतक-खरखौदा दिल्ली बॉर्डर सड़क, रेवाड़ी जिले में बेरली कलां होते हुए कोसली तक रेवाड़ी-दादरी सड़क, गोहाना-लाखन माजरा-महम-भिवानी रोड व फतेहाबाद में सुरेवाला चौक से उकलाना रोड तक सड़क के सुदृढ़ीकरण को भी मंजूरी दी गई। इसी प्रकार, कैथल जिले में एसएच संख्या-8 पर कुंजपुरा- करनाल-कैथल-खनौरी सड़क, कैथल में करनाल-कैथल सड़क की मरम्मत, कोहंड-मुनक-सलवान असंध सड़क के तथा करनाल रंबा इंद्री-लाडवा रोड के सुदृढ़ीकरण को स्वीकृति दी गई।

नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि टेंडर प्रक्रिया में शामिल संबंधित अधिकारी को चार्जशीट करते हुए नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी स्तर पर इस प्रकार की लापरवाही और अनियमितता दोबारा न हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की नीति भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की है और जनता के हितों से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बाढ़ राहत को पुख्ता कदम नहीं उठा रही सरकार : हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि सरकार बाढ़ पीड़ितों की मदद और उन्हें राहत पहुंचाने के लिए पुख्ता कदम नहीं उठा रही है। लोगों में बीजेपी सरकार के नकारेपन को लेकर भारी रोष है। बाढ़ के चलते हरियाणा में भयंकर तबाही मची है। किसानों 18 लाख एकड़ में खड़ी फसल बाढ़ की भेंट चढ़ चुकी है। करीब 6000 गांव, 11 शहर और 72 कस्बे बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। 4 लाख किसानों ने बाकायदा पोर्टल पर खराबे की जानकारी अपलोड की है। जबकि पीड़ितों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी जिसका विवरण सारणीबद्ध है–

| क्र. सं. | कैटगरी एवं विवरण | ई–कैटलॉग | ई–नीलामी की तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1. | राजपुरा (PF No-1) रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव के ठेका | UMB-Mix-24-2025 | 19.09.2025 को 13:40 बजे |
| 2. | अम्बाला शहर रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव के ठेका | | 19.09.2025 को 13:50 बजे |
| 3. | शिमला (PF No-1A) रेलवे स्टेशन पर, पे एवं यूज शौचालय के संचालन एवं रख–रखाव के ठेका | | 19.09.2025 को 14:00 बजे |

ई–नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये।

2803/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 332 दिनांक 10.09.25 धारा 127 (6) BNS थाना महम जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - रितु
पिता/पति का नाम पत्नी सोमबीर
पता- निवासी गांव भैणी सुरजन जिला रोहतक ।
उम्र- 27 वर्ष
कद- 5 फुट ।
हुलिया- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 10.09.25 को रितु पत्नी सोमबीर निवासी गांव भैणी सुरजन जिला रोहतक अपनी बेटी सना 4 वर्ष को साथ लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9628270142

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

**अभियोग संख्या 390 दिनांक 04.09.25 धारा 127 (6) BNS थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे**



नाम - प्रवीन
पिता/पति का नाम - पुत्र सुखबीर
पता- निवासी गांव डीघल जिला रोहतक ।
उम्र- 30 वर्ष
कद- 5 फुट 6 इंच ।
हुलिया- रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।
पहनावा - काले रंग की लाईनदार शर्ट, नीले रंग की जींस की पैंट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 04.09.25 को प्रवीन पुत्र सुखबीर निवासी गांव डीघल जिला रोहतक कमला नगर रोहतक से घर जाने को कहकर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और उचित इनाम से सम्मानित किया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक - 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 8395902755

पीआरडीएच-1084/11/3894/2026/38666/88/6 दि. 12.09.2025


## परिवहन मंत्री अनिल विज फिर भड़के, एक्स हैंडल पर बयां किया गुस्सा

# विज के ट्वीट से गरमाई राजनीति, लिखा- पार्टी के भीतर गुटबाजी, समानान्तर भाजपा चला रहे कुछ नेता

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

आखिरकार एक बार फिर से पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बाद वरिष्ठ मंत्री अनिल विज ने भाजपा के अंदर चल रही गतिविधियों और समांतर भाजपा को लेकर सवाल खड़े करते हुए अपनी पीड़ा जाहिर की है। विज ने एक ट्विीट कर लोगों से इस बारे में अपनी राय देने को कहा है। इसके बाद में भाजपा के अंदर की खींचतान व विज द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को लेकर सियासत तेज हो गई है। विज ने यह अपनी पीड़ा ट्वीट के माध्यम से साझा की है। भाजपा ने भले ही प्रदेश के अंदर तीसरी बार चुनाव जीतकर सरकार बनाई हो लेकिन अंबाला छावनी से सातवीं बार चुनाव जीतकर आने वाले विज के चुनाव में इस बार जमकर खेल हुआ। विज ने इसकी पीड़ा जाहिर करते हुए सार्वजनिक तौर पर उजागर कर दिया था। विज के ट्वीट के बाद राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

### ऊपर वालों का आशीर्वाद प्राप्त है



*विज ने अंबाला के अंदर चल रही समांतर भाजपा को लेकर सवाल खड़े किए हैं, उन्होंने इस बारे में पूछे जाने पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया । सूत्रों का कहना है कि विज ने इस बारे में दिल्ली हाईकमान के कुछ वरिष्ठ लोगों से अपनी पीड़ा जाहिर कर दी है। पा4 के अंदर कुछ लोगों द्वारा गुटबाजी को हवा देने और उनके विरुद्ध षडयंत्र करने वालों पर सवाल किए हैं। विज ने कहा है कि क्षेत्र में समानांतर बीजेपी चलाई जा रही है, जिसे ऊपर वालों का आशीर्वाद प्राप्त है।*

### जो नेता हटाया था, अब भी सक्रिय, चुनाव में सरवारा का साथ दिया

विज ने सार्वजनिक मंच से चुनाव के दौरान उनके विरुद्ध जान लेने की साजिश रचने के साथ साथ विधानसभा का चुनाव हराने को लेकर भी बात कही थी। इस बारे में भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली और मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। जिसके बाद अंबाला छावनी में एक पदाधिकारी व छुटभैये नेता की छुट्टी भी कर दी गई थी। लेकिन उक्त नेता अभी भी सक्रिय है। विज ने उस वक्त मुख्यमंत्री सैनी के फोटो का इस्तेमाल कर सोशल मीडिया पर डालने वाले आशीष तायल को लेकर सवाल उठाए थे। तायल पर आरोप है कि उसने विधानसभा चुनावों के दौरान पार्टी विरोध और खासतौर पर अनिल विज को हराने के लिए जमकर साजिश रची। इतना ही नहीं एक स्थानीय प्रत्याशी स्वतंत्र उम्मीदवार चित्रा सरवारा का साथ दिया।

### नहीं लिया हाई पावर परचेज कमेटी की बैठक में हिस्सा

ऊर्जा और परिवहन मंत्री विज के पास में श्रम विभाग अर्थात तीन अहम विभागों की जिम्मेदारी है। शुक्रवार को वे केंद्रीय मंत्री की एक वीसी में जरूर जुड़े लेकिन राजधानी चंडीगढ़ में नहीं आए, इसके पीछे स्वास्थ्य संबंधी कारण बताया गया है।

## अस्पतालों में जल्द भर्ती किए जाएंगे 500 डॉक्टर: आरती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि राजकीय अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इन अस्पतालों में सरकार द्वारा जल्द ही 500 चिकित्सकों की भर्ती की जाएगी। इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव शुक्रवार को कुरुक्षेत्र स्थित एलएनजेपी अस्पताल में निरीक्षण करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इससे पहले स्वास्थ्य मंत्री ने एलएनजेपी अस्पताल की फार्मेसी, शौचालयों व अस्पताल के प्रत्येक कक्ष की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अस्पताल में जगह-जगह मलबे के ढेर लगे होने के कारण मरीजों खासकर बच्चों के वार्ड में हो रही परेशानी तथा शौचालयों की खस्ता हालत को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई।

### बाढ़ प्रभावित जिलों में दवाइयां बांट रहे

आरती सिंह राव ने बताया कि बाढ़ के कारण हरियाणा के कई जिले प्रभावित हुए हैं, ऐसे समय में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं और निशुल्क दवाइयां वितरित कर रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में फॉगिंग का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव हेतु सरकार द्वारा तमाम प्रबंध तो पूरे किए गए हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को ₹मन की बात₹ कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कुरुक्षेत्र में मलेरिया को लेकर किए गए कार्यों की सराहना करने पर बधाई दी है।


**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | TENDERNOTICE NO:40/CCR/2025-26 | एचएसआईआईडीसी मुरथल, सोनीपत में शिकायत केन्द्र में छत बदलना, कम्पाउंड फेंसिंग और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्य, समय निम्नानुसार बढ़ाया गया : बंद होना : 18.09.2025, खुलना : 19.09.2025 अप. 1.00 बजे तक | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivilutbwnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | TENDERNOTICE NO:38/CCR/2025-26 | गांव खेवड़ा, सोनीपत में बेडमिंटन कोर्ट का विकास (सीएसआर गतिविधि के तहत), समय निम्नानुसार बढ़ाया गया : बंद होना : 18.09.2025, खुलना : 19.09.2025 अप. 1.00 बजे तक | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivilutbwnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | TENDERNOTICE NO:42/CCR/2025-26 | 33 केवी सब स्टेशन बाल भवन, यूएचबीवीएन, रोहतक में चारदिवारी का निर्माण, समय निम्नानुसार बढ़ाया गया : बंद होना : 18.09.2025, खुलना : 19.09.2025 अप. 1.00 बजे तक | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xencivilutbwnrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/60/38685/1/88/6 दि. 12.09.25



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 23/2025** **प्रकाशन की तिथि : 12.09.2025**

1. **पद का नाम और पद का श्रेणीवार विभाजन :**

आयोग आयुष विभाग, हरियाणा में यूनानी फिजिशियन (ग्रुप–बी) के पद के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**पद का श्रेणीवार ब्रेक–अप निम्नानुसार है :**

| सामान्य/ अनारक्षित | पदों की कुल संख्या |
|---|---|
| 01 | 01 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 16.09.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करने हेतु अन्तिम तिथि : 06.10.2025 अप. 5:00 बजे तक
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 06.10.2025 अप. 5:00 बजे तक

अधिक जानकारी के लिये http://hpsc.gov.in पर लॉग ऑन करें।

दिनांक : 11.09.2025

हस्ता/– उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद–1156/13/353/2026/38667/88/6 दि. 12.09.25



**उत्तर रेलवे**

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–10/2025–26 दिनांक 12.09.2025**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15.00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (रु.) | बोली प्रतिभूति (रु.) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 30-विधुत–12/2025-26 (ओपन टेंडर) | अंबाला डिवीजन में पंपिंग प्रतिष्ठानों का स्वचालन–संचालन और ऑनलाइन निगरानी। (अंबाला, रेल विहार अंबाला, धप्पर, चंडीगढ़, एसएएस नगर मोहाली, सरहिंद, रूपनगर, राजपुरा, पटियाला, बठिंडा, धूरी, सहारनपुर, जगाधरी वर्कशॉप और यमुना नगर जगाधरी) | Rs. 23656925.60 | Rs. 268300.00 | 05 महीने | 03.10.2025 |

1) निविदाकर्ताओं को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2) आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3) कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4) विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 5) जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

2805/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## हरविन्द्र कल्याण बने सीपीए जोन-2 के संयोजक



**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के भारतीय क्षेत्र के जोन-2 का संयोजक नियुक्त किया गया है। यह घोषणा सीपीए के 11वें भारतीय क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की। बिरला सीपीए भारतीय क्षेत्रीय सम्मेलन के अध्यक्ष भी हैं। सीपीए के भारतीय क्षेत्र में भारतीय संसद तथा 31 विधान मंडल शामिल हैं। गौरतलब है कि सीपीए भारतीय क्षेत्र के 9 जोन हैं। इनमें से हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण को जिस जोन-2 का संयोजक नियुक्त किया गया है, उसमें हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के विधान मंडल शामिल हैं। कल्याण की यह नियुक्ति सितंबर 2025 से अगस्त 2026 तक की अवधि के लिए की गई है। बता दें कि बेंगलुरु में आयोजित सम्मेलन में देश भर के विधान मंडलों के पीठासीन अधिकारी शिरकत कर रहे हैं।

## इंडोनेशिया में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज

**चंडीगढ़।** इंडोनेशिया के बाली संसद सभागार में तीन दिवसीय छठे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का आगाज हुआ। इंडोनेशिया के बाली में शुक्रवार को श्रीमद्भगवद्गीता को विराजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाली के वाइस चेयरमैन (डीपीआरडी)के वाइस गवर्नर नोवासेवी पुत्रा, मुख्य वक्ता गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, मुख्यातिथि हरियाणा के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा, विदेश मंत्रालय दक्षिण क्षेत्र की सचिव डॉ. नीना मल्होत्रा, बाली विधायक प्रोफेसर सोमवीर, बाली में भारत के सीजीआई शशांक विक्रम, बाली के विधायक बुद्धि उत्तमा, विधायक राकी, विधायक मेदू पार्ता मौजूद रहे। बाली में भारतीय दूतावास के अधिकारी लवलेश के अलावा, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन और अन्य देशों से आए प्रतिनिधि शामिल हुए।


**उत्तर रेलवे**

**(ई–नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों/स्थानों पर उल्लिखित अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS (https://ireps.gov.in) से ई–नीलामी के माध्यम से आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ईएमआर) के लिए बोलियां आमंत्रित करता है:

| ई–कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई–नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| ADVT-SEPT-02 2025 | दिनांक 22.09.2025 को 11:00 बजे | अग्रणी आपातकालीन चिकित्सा सेवा प्रदाताओं अर्थात सार्वजनिक और निजी अस्पताल/नर्सिंग होम/पॉलीक्लिनिक/क्लीनिक/निजी चिकित्सक/कंपनियां/फर्म/संस्थान/स्वास्थ्य सेवा में शामिल एन.जी.ओ द्वारा चौबीसों घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए आपातकालीन चिकित्सा कक्ष (ई.एम.आर) रेलवे को लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने के आधार पर दिल्ली मंडल के नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट साइड), दिल्ली जंक्शन, आनंद विहार टर्मिनल, हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली सराय रोहिल्ला, गाजियाबाद, मेरठ सिटी, पानीपत और रोहतक रेलवे स्टेशनों पर ई–नीलामी आयोजित करने के संबंध में। |

| वेबसाइट विवरण जहां ई–नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता | https://ireps.gov.in/ |
|---|---|

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**

1. इच्छुक बोलीदाताओ को आईआरईपीएस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आईआरपीएस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी।
2. एक मुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता
4. आईआरईपीएस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोडयूल के लिए आईआरपीएस खाता नही है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओ/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email : srdcm.ndls@gmail.com Tel: 011-23743084 |
|---|---|

No. NR-DLICOMM(PUB)/47/2025 Dated: 12.Sept.2025

2791/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में गुरूग्राम फरीदाबाद रोड (एमडीआर-137) से गांव कादरपुर वाया बहरामपुर कि.मी. 0.00 से 7.55 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10218, 10219 और 3044) (कार्य कार्यक्रम 2025-26)। | बंद होने की तिथि 20.09.2025 | 119.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | निर्माण सदन लोनिवि भ व प कार्यालय भवन, गुरूग्राम हरियाणा में सीवेज ट्रीटमेंट फिल्ट्रेशन सिस्टम वाटर ट्रीटमेंट प्लांट 500 एलपीएच, 1000 पीएच आरई प्लांट और कीट नियंत्रण सेवाओं के प्रावधान द्वारा अपकीपमंट व्यापक वार्षिक प्रचालन व रखरखाव। | बंद होने की तिथि 20.09.2025 | 96.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग हिसार के भवन की मरम्मत और व्हाइट वॉश की विशेष मरम्मत। (केवल ई.आई. के एस/आर का प्रावधान)। | 11.09.2025 17.09.2025 | 4.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में वर्ष 2024-25 हेतु नाबार्ड आरआईडीएफ-XXX स्कीम के तहत एचपीएन रोड (सिंगार) से एचएनपीपी रोड (सोंध) वाया अंधोप खायका आरडी 0.00 से 10.40 कि.मी. (रोड आईडी 3390 और 3374) पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा सुधार। | बंद होने की तिथि 18.09.2025 | 415.33 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3 सीएस क्षमता), इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5 सीएस), डीजल इंजन पम्पिंग सैट्स (2 सीएस क्षमता), 3 सीएस ईपी सैट के लिए स्टार्टर (20 एचपी)। | 13.09.2025 29.09.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | कैनाल कॉलोनी, हिसार रोड, सिरसा में क्वार्टर नं. जे-15 की मरम्मत। | बंद होने की तिथि 16.09.2025 | 0.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd1925@yahoo.com |
| 7 | पंचायती राज झज्जर | 33.71 - गांव सुरेहती, ब्लॉक साल्हावास में नीम नाथ स्टेडियम की सीढ़ियों के ऊपर शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 08.09.2025 15.09.2025 | 52.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज, चरखी दादरी (ब्लॉक बाढड़ा) | गांव मांधी हरिया (ढाणी अहीरान) ब्लॉक बाढड़ा में हॉल का निर्माण (एमपीएलएडीएस स्कीम्स)। | 10.09.2025 16.09.2025 | 5.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9671386870 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2026/160/38682/I/88/6 दि. 12.09.25

## खबर संक्षेप

### डंपर ने स्कूटी को मारी टक्कर, मासूम की मौत

**यमुनानगर।** प्रतापनगर देवधर रोड पर गांव भूडकलां के पास डंपर की टक्कर लगने से सात माह के बच्चे की मौत हो गई। जबकि मृतक बच्चे की मां व एक अन्य महिला घायल हो गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रामपुर खादर निवासी 30 वर्षीय डिंपल अपने सात माह के बेटे अरनव व अपनी रिश्तेदार दीपशिखा के साथ दवाई लेने के लिए प्रतापनगर स्थित सिविल अस्पताल में आ रहे थे। स्कूटी दीपशिखा चला रही थी। जब वह प्रतापनगर देवधर रोड पर गांव भूडकलां के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे डंपर ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सात माह का बच्चा उझल कर सड़क पर जा गिरा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### एपीके फाइल डाउनलोड करते ही बैंक खाता साफ

**जींद।** साइबर ठगों ने एपीके फाइल भेज एक व्यक्ति के बैंक खाते से लगभग साढ़े 97 हजार रुपये उडा लिए। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरूद्वारा कालोनी निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके फोन में एपीके फाइल आई हुई थी। जिसे उसने ओपन कर लिया। जिसके बाद उसका फोन हैक हो गया। जिसके बाद उसके खाते से लगभग साढ़े 97 हजार गायब हो गए।

### शिक्षा के लिए आरोपी को विदेश जाने की अनुमति

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक फैसले में हिसार के एक युवक को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने की अनुमति दे दी है। युवक पर कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है, लेकिन अदालत ने माना कि केवल आशंका के आधार पर उसके करियर को रोकना न्यायसंगत नहीं होगा।मामला आनंद नामक 21 वर्षीय युवक से जुड़ा है, जिस पर आईपीसी की धारा 147, 149, 323, 324, 379, 379-बी और 506 सहित एससी/एसटी एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा चल रहा है। वह फिलहाल जमानत पर है। आनंद ने आवेदन दिया था कि उसे जर्मनी स्थित इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी आफ अप्लाइड साइंसेज, बर्लिन में बीएससी कंप्यूटर साइंस में दाखिला मिला है। तीन साल का यह कोर्स करने के लिए उसे विदेश जाने की अनुमति चाहिए, जिसे निचली अदालत ने 13 अगस्त 2024 को खारिज कर दिया था।युवक ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी।

### बीबीएमबी ने हाईकोर्ट में दाखिल किया जवाब

**चंडीगढ़।** भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड में सचिव पद पर नियुक्ति को लेकर छिड़े विवाद पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने 27 अगस्त को नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। यह रोक पंजाब के तीन अभियंताओं की याचिकाओं पर लगाई गई थी, जिन्होंने नियुक्ति के लिए बनाए गए मानदंड को चुनौती दी है।याचिकाकर्ताओं रमनदीप सिंह बैंस, मनिंदर सिंह और केवल कृष्ण तीनों सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर हैं और पंजाब से ताल्लुक रखते हैं। उनका आरोप है कि नियुक्ति का मानदंड “विशेष रूप से तैयार” किया गया है ताकि हरियाणा के कार्यकारी अभियंता सुरिंदर सिंह मित्तल की नियुक्ति सुनिश्चित हो सके।इस पर जवाब दाखिल करते हुए बीबीएमबी ने हाईकोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता पंजाब सरकार के कर्मचारी हैं, बोर्ड से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े नहीं हैं।

### हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक जनहित याचिका खारिज कर दी, जिसमें एक निजी कंपनी द्वारा हिंदू धार्मिक प्रतीक शिवलिंग को ट्रेडमार्क के रूप में व्यावसायिक इस्तेमाल किए जाने पर आपत्ति जताई गई थी।चीफ जस्टिस शील नागू और न्यायाधीश संजीव बेरी की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता इस मामले में अत्यधिक संवेदनशील हो रहे हैं। जस्टिस नागू ने कहा कि आप इन बातों को लेकर इतने संवेदनशील क्यों हो रहे हैं मैंने कभी ध्यान नहीं दिया। वर्षों से यह चल रहा है अब अचानक धार्मिक भावनाओं का उभार क्यों।


# रूस में फंसे फतेहाबाद के अंकित ने भेजा वॉइस मैसेज, बोला हमें सुबह 5 बजे युद्ध में लेकर जाएंगे, अब फोन नहीं लगेगा

■ मैसेज स्नेप चैट पर गुरुवार रात अपने बड़े भाई को भेजा ■ व्हाट्सएप जबरन डिलीट करवा दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

यूक्रेन में फंसे फतेहाबाद के गांव कुम्हारिया के युवकों का परिवार से संपर्क टूट गया है। युवक अंकित जांगड़ा ने अपने भाई को वॉइस मैसेज भेजा है, जिसमें उसने कहा कि ठीक है भाई, हमको सुबह 5 बजे युद्ध में लेकर जा रहे हैं। मेरे को लगता है कि इनके पास समाचार आ गया है।

पूरा शक है, वीडियो वायरल हो रही है। अब आगे से देख लेना, मेरा फोन नहीं लगेगा। यह वाईस मैसेज



अंकित ने अपने बड़े भाई रघुवीर जांगड़ा को गुरुवार रात 12 बजे भेजा है। उनका व्हाट्सएप पहले ही डिलीट करवा रखा था, इसलिए यह मैसेज स्नेप चैट के जरिए भेजा गया है। मैसेज मिलने के साथ ही परिवार की चिंता और बढ़ गई है। परिवार उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित है।

### अंकित ने ये बताया-हमें यूक्रेन में एक जंगल में रखा गया है, रूस की सीमा से 300 किमी. दूर

गौरतलब है कि गांव कुम्हारिया के दो युवकों अंकित जांगड़ा और विजय पूनिया स्टडी वीजा पर रूस गए थे। वहां उन्हें सिक्योरिटी गार्ड व ड्राइवर की नौकरी दिलाने के नाम पर जबरन रशियन आर्मी में भर्ती करवा दिया गया। वहां से उन्हें यूक्रेन में युद्ध के लिए धकेल दिया गया है। गांव कुम्हारिया के अंकित जांगड़ा और विजय पूनिया स्टडी वीजा पर रूस गए थे। अंकित के भाई रघुवीर ने बताया कि सोमवार को अंकित की कॉल आई थी। उसके साथ तब विजय भी था। अंकित ने उधर से कहा, हमें बचा लो। हमारे पास एक- दो दिन ही बचे हैं। इसके बाद हमें युद्ध में भेज दिया जाएगा। रघुवीर के अनुसार, अंकित का कहना है कि उन्हें अभी यूक्रेन में रूस सीमा से 300 किलोमीटर दूर जंगल में रखा हुआ है।

# डॉ. सुनील कुमार बने सीडीएलयू के कुलसचिव तीन पुस्तकें लिख चुके, 19 शोध हो चुके प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुनील कुमार को सीडीएलयू का कुलसचिव नियुक्त किया गया है। सीडीएलयू के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि राजभवन से इस संदर्भ में को अधिसूचना जारी की गई। नवनियुक्त कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार ने इस दायित्व के लिए महामहिम राज्यपाल प्रोफेसर अशीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी तथा शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का आभार व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने भी डॉ सुनील कुमार को बधाई दी।

### बीबीए, एमबीए एवं बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी, 12 साल से ज्यादा का शिक्षण अनुभव

उल्लेखनीय है कि डॉ. सुनील कुमार ने बीबीए, एमबीए एवं बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की है। उनका शोध क्षेत्र



विपणन प्रबंधन एवं मानव संसाधन प्रबंधन है। उनके पास लगभग 12 वर्षों का शिक्षण अनुभव है। उन्होंने 25 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं में भागीदारी की है तथा शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं। उनके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स एवं संपादित पुस्तकों में लगभग 19 शोध लेख प्रकाशित किए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने कंपनसेशन मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट एवं ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट विषयों पर 3 पुस्तकें प्रकाशित की हैं। उन्होंने बताया कि वे विश्वविद्यालय की विभिन्न समितियों जैसे निरीक्षण समिति, चयन समिति, यूजी व पीजी बोर्ड ऑफ स्टडीज, अकादमिक काउंसिल, डीआरएसी/आरएसी आदि में सक्रिय रूप से योगदान दे चुके हैं।

# कुरुक्षेत्र में आईलेट्स सेंटर पर फायरिंग बदमाशों ने दिनदहाड़े चार गोलियां दागीं

**दोपहर करीब दो बजे :** मुंह पर कपड़ा बांधे युवकों ने सेंटर में घुसते ही ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी, फायरिंग में सेंटर का शीश टूटा, बाइक पर फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

धर्मनगरी में बदमाशों के हौसले दिन-प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे है। बदमाश दिनदहाड़े फायरिंग कर फरार हो जाते है। इसे लेकर लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। लोगों ने पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर रोष जताया है। शुक्रवार को नए बस अड्डे के समीप दिनदहाड़े दो नकाबपोश बदमाशों ने एक आईलेट्स सेंटर पर चार राउंड फायरिंग की। इस दौरान सेंटर के प्रवेश द्वार पर लगा गेट का शीशा टूट गया। वारदात को अंजाम देकर बदमाश मोटरसाइकिल पर फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने सेंटर पर व आसपास की दुकानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत नाकाबंदी कराई गई और कंट्रोल रूम से चेकिंग अलर्ट जारी किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 2 बजे बाइक पर दो नकाबपोश सेंटर पर आए और आते ही सेंटर के प्रवेश द्वार पर फायरिंग कर दी। फायरिंग से प्रवेश द्वार पर लगा शीशा चकानचूर होकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि इसमें कोई जख्मी नहीं हुआ। फायरिंग की आवाज सुनकर मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ को देखकर बदमाश मोटरसाइकिल पर सवार होकर फरार हो गए।

- फायरिंग से दहशत का माहौल
- बस अड्डे के पास सेंटर में वारदात से सुरक्षा पर उठ रहे सवाल



### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

मौके पर मौजूद डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि आरोपी करीब 4 फायर करके फरार हुए हैं। मौके से सीसीटीवी फुटेज ली गई है। सीआईए के साथ थाने की टीम मौके जांच में जुटी है। शुरूआती जांच में सामने आया है कि 2 आरोपी एक बाइक पर आए थे। दोनों ने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### फरीदाबाद में वारदात की फिराक में घूम रहा बदमाश अवैध हथियार सहित काबू

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी अहसान को गिरफ्तार किया है।



पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम ने अहसान निवासी गांव धौज फरीदाबाद को नियर नगर निगम ऑफिस, पटेल चौक रोड एनआईटी-5 फरीदाबाद से काबू कर एक देसी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना एनआईटी फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने देशी कट्टा किसी अनजान व्यक्ति से 5000 रुपये में बुलंदशहर से खरीदा था। आरोपी नशा करने का आदी है और पूर्व में भी आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।

# 14 सितंबर को रोहतक में होगा बॉक्सिंग संघ का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक.

हरियाणा बॉक्सिंग संघ का चुनाव 14 सितंबर को रोहतक के सागर विला होटल में सुबह ग्यारह बजे होगा। चुनाव अधिकारी ने बताया कि संघ के जितने भी सदस्य हैं, वे इलेक्शन प्रक्रिया में भाग लें। ध्यान रहे कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ के चुनाव हर तीन साल में होते हैं और आखिरी चुनाव 5 जून 2022 को रोहतक में हुआ था। जिसमें मेजर सत्यपाल सिंधु दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए थे। इस चुनाव में आईपीएस पंकज नैन समेत चार उपाध्यक्ष, रविंद्र कुमार पन्नू को सचिव और विक्रम ढुल को कोषाध्यक्ष बनाया गया था। मालूम हो कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ नियमित रूप से प्रतियोगिताएं करवा रहा है।

जिससे हरियाणा का नाम देश-दुनिया में रोशन हो चुका है। संघ की तरफ से राष्ट्रीय स्पर्धाओं भी करवाई जा रही हैं। वर्तमान प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि संघ मुक्केबाजों को अंतर राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मुहैया करवा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ खेल और खिलाड़ियों को नई बुलंदियों पर पहुंचाने का हर संभव लगातार प्रयास करता है।

## भिवानी नप के दो अधिकारियों में झगड़ा, एक के चोट लगी

**भिवानी।** हरियाणा के भिवानी नगर परिषद के ऑफिस में दो अधिकारियों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों के बीच मारपीट हो गई। इसमें एक अधिकारी को माथे पर हलकी सी चोट भी लग गई। बाद में अधिकारी ने एक निजी अस्पताल में मरहम पट्टी करवाई और वापस ड्यूटी पर आ गया। जानकारी के अनुसार नप में दो अधिकारी अपनी अपनी सीट पर बैठे हुए थे। अचानक किसी बात को लेकर आपस में उलझ गए। यहां तक कि एक अधिकारी ने उठकर दूसरे अधिकारी के साथ हाथापाई कर दी। जिससे दूसरे अधिकारी का का चश्मा टूटकर माथे में लग गया और लहू बहने लगा। अन्य अधिकारियों ने बीच बचाव करवा मामले को शांत करवाया।

## आईटीसी के करुणेश बजाज चुने गए एबीसी के अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** आईटीसी के करुणेश बजाज को सर्वसम्मति से 2025-26 के लिए ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (एबीसी) का अध्यक्ष चुना गया। मोहित जैन उपाध्यक्ष बने। बजाज के साथ टीवीएस और मारुति सुजुकी के अधिकारी भी एबीसी परिषद में शामिल हुए हैं। बजाज को ब्रांडिंग में 30 साल का अनुभव है। आईटीसी लि. के करुणेश बजाज को सर्वसम्मति से 2025-26 के लिए ऑडिट ब्यूरो ऑफ सर्कुलेशन (एबीसी) का अध्यक्ष चुना गया है। अन्य पदाधिकारी भी चुने गए।



### दशकों का अनुभव

करुणेश आईटीसी में कार्यकारी उपाध्यक्ष मार्केटिंग एवं एक्सपोर्ट विपणन एवं निर्यात के पद पर हैं। विपणन रणनीति, ब्रांड निर्माण और नेतृत्व में तीन दशकों का अनुभव है। एबीसी की हुई बैठक में बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लि. के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (पब्लिशिंग) और कार्यकारी निदेशक मोहित जैन को उपाध्यक्ष चुना गया है। वहीं, एबीसी के प्रबंधन परिषद के सदस्य के रूप में बजाज के अलावा टीवीएस मोटर कंपनी के अनिरुद्ध हल्दर और मारुति सुजुकी इंडिया के पार्थो बनर्जी विज्ञापनदाताओं के प्रतिनिधि होंगे। प्रकाशकों के प्रतिनिधि के रूप में उपाध्यक्ष मोहित जैन के अलावा एबीपी प्राइवेट लि. के ध्रुबा मुखर्जी सचिव होंगे।

## अब फर्जी विवाह गिरोह : दुल्हन का इंतजार करता रहा युवक, नकदी लेकर ठग फरार

**फतेहाबाद।** जिले के रतिया कस्बे में एक युवक दुल्हन की इंतजार करता रहा लेकिन ठगबाज उससे हजारों रुपये लेकर फरार हो गए। मां-बेटा घंटों ढाबे पर दुल्हन का इंतजार करते रहे लेकिन जब कोई नहीं आया तो उन्हें अपने साथ हुए धोखे का आभास हुआ। बाद में दुल्हे की मां ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता कृष्णा देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह निवासी गांव डाया, जिला हिसार अपने 28 वर्षीय लडक़े सुनील कुमार के लिए विवाह संबंध तलाश रही थीं। इस दौरान उसकी मुलाकात जितेन्द्र निवासी गांव फूली, जिला भिवानी के साथ हुई। जितेन्द्र ने महिला को भरोसा दिलाया कि वह 70 हजार रुपये में उसके लडक़े का विवाह तय करवा देगा और दुल्हन सीधे उनके घर पहुंचा दी जाएगी। कृष्णा देवी ने इस झांसे में आकर अपना मकान बेचकर 40 हजार की राशि मलकीत सिंह उर्फ माखा निवासी बादलगढ़, रतिया के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी। इसके उपरांत, 17 जुलाई को रतिया स्थित एक चाय ढाबे पर जितेन्द्र ने तीन महिलाओं और दो पुरूषों को भेजा। कृष्णा भी अपने लडक़े सुनील के साथ ढाबे पर पहुंच गई। वहां पर उक्त लोगों ने सुनील से 20 हजार रुपये ले लिए और कहा कि दुल्हन को श्रृंगार हेतु ब्यूटी पार्लर ले जाया जा रहा है, जिसके बाद यहीं से उसकी विदाई कर दी जाएगी। इसके पश्चात सभी आरोपी वहां से फरार हो गए।



### बदनामी के डर से चुप रहे, बाद में दी शिकायत

पीड़ित मां-पुत्र घंटों ढाबे पर प्रतीक्षा करते रहे, परंतु दुल्हन का कोई अता-पता नहीं चला। कुछ दिनों तक मां-पुत्र ने सामाजिक बदनामी के डर से यह घटना किसी से साझा नहीं की, किंतु अंततः स्वयं को ठगा महसूस कर पीड़िता ने पुलिस को सूचित किया।

### जिले में कई लोगों को ठग चुका गिरोह

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने तत्काल एक विशेष जांच दल का गठन किया, जिसका नेतृत्व सहायक उपनिरीक्षक अमर सिंह को सौंपा गया। टीम द्वारा शीघ्रता से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मलकीत सिंह उर्फ माखा निवासी बादलगढ़, रतिया को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की जाएगी ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों एवं इस प्रकार की अन्य वारदातों का भी खुलासा किया जा सके। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि यह एक संगठित आपराधिक गिरोह है, जो अब तक जिले सहित अन्य क्षेत्रों में अनेक व्यक्तियों से लाखों रुपये की ठगी कर चुका है। इनकी कार्यप्रणाली लगभग एक जैसी होती है।

## प्रतिबंधित दवाइयों की खेप के साथ युवक गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** नशा मुक्त अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस नशा तस्करों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए लाखों रुपये मूल्य की नशीली दवाइयों की भारी खेप बरामद की है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने करीब 13,800 नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद किए हैं, जिनकी बाजार में अनुमानित कीमत लाखों बताई गई है। इस दौरान एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया, जिसके खिलाफ थाना शहर फतेहाबाद में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमनदीप पुत्र साहेब दलाल, निवासी डिंग मंडी, जिला सिरसा के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के पास इन नशीली दवाइयों के संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति-पत्र नहीं थासीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक वेदपाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के आदेशानुसार, अपराधों की रोकथाम हेतु सहायक उपनिरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम सिरसा रोड बाइपास क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान टीम आरोपी को सूचना पर पकड़ा।



**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शुरू हुए स्वच्छता अभियान का दिखा व्यापक असर**

# गुरुग्राम के अनेक इलाकों में दोबारा लौटी खूबसूरती

■ लोगों की भागीदारी ने गुरुग्राम को बनाया स्वच्छ व सुंदर ■ लोगों ने स्वयं लिया संकल्प, यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चलाए गए स्वच्छता अभियान का धरातल अब व्यापक असर दिखाई देने लगा है।



गुरुग्राम में इस मुहिम ने न केवल शहर का स्वरूप बदला है बल्कि नागरिकों में भी जागरूकता और उत्साह का संचार किया है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन, प्रशासनिक टीम और लोगों की सक्रिय भागीदारी से गुरुग्राम के अनेक इलाकों में साफ-सफाई के स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पार्क, सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों की खूबसूरती पुनः लौट आई है। नागरिकों का कहना है कि शहर में अब स्वच्छता का स्तर सुधरा है। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वच्छता अभियान के दौरान स्वयं श्रमदान करके स्वच्छता का संदेश दिया और लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया। स्थानीय नागरिक, सामाजिक संस्थाएँ, आरडब्ल्यूए (रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) और स्वयंसेवी संगठनों ने स्वेच्छा से सफाई अभियान में हिस्सा लिया। कई इलाकों में लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर कचरा प्रबंधन की व्यवस्था दुरुस्त की, गली-मोहल्लों को साफ किया और पौधारोपण कर वातावरण को सुंदर बनाने में योगदान दिया।



### मुख्यमंत्री नायब सिंह बोले स्वच्छता एक जन आंदोलन

मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्वच्छता केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है बल्कि यह एक जन आंदोलन है। जब तक हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी को समझकर सहयोग नहीं करेगा, तब तक इस अभियान का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हो सकेगा। मुख्यमंत्री के इस आह्वान को लोगों ने भी दिल से अपनाते हुए संकल्प लिया है कि वे अपने आस-पास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। यह पहल केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर दीर्घकालीन अभियान के रूप में जारी रहेगी। सरकार की ओर से इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। नगर निगम गुरुग्राम के अलावा अन्य शहरों में भी स्थानीय निकायों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ताकि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की ढिलाई न रहे।

## राजौंद में उप स्वास्थ्य केंद्र में सीएम फ्लाइंग की रेड, ताला लगा मिला

**राजौंद।** राजौंद के गांव मंडवाल में गुप्तचर विभाग की सूचना पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता जींद-कैथल की टीम द्वारा एसएमओ संदीप सिंह सीएचसी राजौंद के साथ संयुक्त टीम बनाकर उप स्वास्थ्य केंद्र में रेड की गई। जिसका नेतृत्व उप निरीक्षक विरेद्र सिंह सीएम फ्लाइंग द्वारा किया गया। जहां पर टीम को उप स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा हुआ मिला और उप स्वास्थ्य केंद्र पर कोई भी डॉक्टर/कर्मचारी हाजिर नहीं मिला। सी एचसी राजौंद एसएमओ डा संदीप सिंह द्वारा उपरोक्त स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर मोईन खान सीएचओ व पंकज कुमार एमपीएचडब्ल्यू के साथ अन्य कर्मचारियों को फोन के माध्यम से ड्यूटी पर हाजिर होने बारे संपर्क किया गया। लेकिन कोई भी कर्मचारी ड्यूटी पर हाजिर होने संबधी संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इस संबंध में उप स्वास्थ्य केंद्र गांव मंडवाल में तैनात सभी कर्मचारियों/डॉक्टर के ड्यूटी पर हाजिर न मिलने के खिलाफ सभी कर्मचारियों की गैर हाजरी लिखते हुए नियमानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी कार्यवाही की जा रही है।



## राधाकृष्णन ने ली उपराष्ट्रपति पद की शपथ

# छात्र नेता से उपराष्ट्रपति तक का विलक्षण सफर रहा राधाकृष्णन का

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में दिलाई 15वें उपराष्ट्रपति को शपथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में समारोह में 67 वर्षीय राधाकृष्णन को शपथ दिलाई। राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन ने इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार पूर्व जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के अंतर से हराकर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीत था। 21 जुलाई को जगदीप धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद 9 सितंबर को नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव हुआ था।

**9 सितंबर को हुआ था नए उपराष्ट्रपति के लिए चुनाव**

सरकार के कई मंत्री और माननीय कार्यक्रम में रहे शामिल



**धनखड़ के अचानक इस्तीफे के बाद हुआ चुनाव**

संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे से मध्यावधि चुनाव हुआ।

### महाराष्ट्र राज्यपाल पद से दिया इस्तीफा

इससे पहले उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दे दिया था। गुरुवार को राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी बयान में यह जानकारी दी गई थी। राष्ट्रपति मुर्मू ने राधाकृष्णन के इस्तीफे के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। देवव्रत अब दोनों राज्यों के राज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे।

**ओबीसी समुदाय से ताल्लुकात**

ओबीसी समुदाय कोंगु वेल्लार (गाउंडर) से आने वाले राधाकृष्णन की शादी सुमति से हुई है और उनके एक बेटा व एक बेटी हैं। इसके पहले वे महाराष्ट्र के राज्यपाल थे।

### स्वयंसेवक के रूप में किया पदार्पण

सार्वजनिक जीवन में उनका प्रवेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक के रूप में हुआ था। वे 1974 में भारतीय जनसंघ की राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। 1996 में उन्हें तमिलनाडु में भाजपा का सचिव नियुक्त किया गया। कोयंबटूर से 1998 और 1999 में दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। 2004, 2014 और 2019 में हार का सामना करना पड़ा था। सांसद रहते हुए वह संसदीय स्थायी समिति (कपड़ा मंत्रालय) के अध्यक्ष रहे। इसके अलावा, वह स्टॉक एक्सचेंज घोटाले की जांच के लिए बनी विशेष संसदीय समिति के सदस्य थे।

**संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया**

2004 में संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में राधाकृष्णन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। वह ताइवान जाने वाले पहले संसदीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी थे। 2016 में उन्हें कोच्चि स्थित कॉयर बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया, जहां उन्होंने चार साल तक काम किया। उनके नेतृत्व में भारत से नारियल रेशे के निर्यात रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई थी।

### असाधारण रही इस पद तक की यात्रा

राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद की तक यात्रा असाधारण रही है। इस सफर की शुरुआत छात्र आंदोलन से हुई और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद इसका विस्तार राष्ट्रीय फलक तक हुआ। भाजपा में संगठन में लंबे समय तक काम किया। 2004 से 2007 तक वे तमिलनाडु प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष रहे। इस दौरान 2007 में उन्होंने 93 दिन में 19,000 किलोमीटर लंबी रथ यात्रा की। इसका मकसद देश की नदियों को जोड़ना, आतंकवाद का उन्मूलन, समान नागरिक संहिता लागू करना, अस्पृश्यता निवारण और मादक पदार्थों के खतरों से निपटना था।

## पीएम मोदी की मां पर बिहार कांग्रेस के एआई वीडियो से भाजपा भड़की

# महिला और मातृशक्ति का अपमान अब कांग्रेस की पहचान बनी, गांधीवादी से गालीवादी बनी

### प्रधानमंत्री की दिवंगत मां पर टिप्पणी करना विपक्ष का गिरता स्तर बता रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां हीराबेन पर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल में ही बिहार कांग्रेस द्वारा उनकी मांग पर जारी किए गए एक एआई वीडियो पर राजनीतिक बवाल मच गया है। भाजपा ने कांग्रेस पर पीएम मोदी की मां का अपमान करने का आरोप लगाया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि यह महिला और मातृशक्ति का अपमान, अब कांग्रेस की पहचान बन गई है। कांग्रेस अब गांधीवादी की जगह गालीवादी बन गई है। बिहार में विपक्ष के वोट अधिकार यात्रा के दौरान इंडिया गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां को गाली देने के विवादों के बीच कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक एआई जेनरेटेड वीडियो पोस्ट किया है, जिस पर भाजपा आगबबूला हो उठी है। भाजपा ने प्रधानमंत्री और उनकी दिवंगत माँ को निशाना बनाने के कांग्रेस के नए प्रयास की न सिर्फ आलोचना की है बल्कि उस पर सारी हदें पार कर जाने के आरोप लगाए हैं। भाजपा ने कहा है कि कांग्रेस राजनीतिक बहस का स्तर गिरा रही है।

बिहार में वोट यात्रा के दौरान भरे मंच से ऐसा अपमान किया गया



### पछतावे के बजाए बयान को सही ठहराने में जुटी कांग्रेस

इस वीडियो पर भाजपा भड़क गई है और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को निशाना बनाने की घृणित और कुत्सित कोशिश करार दिया है जो अब जीवित नहीं है। भाजपा ने कहा कि कांग्रेस पछतावे की बजाय प्रधानमंत्री की मां के खिलाफ अपनी पिछली कथित टिप्पणियों को सही ठहराने की कोशिश कर रही है। पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री की मां को गाली देने के लिए पश्चाताप से कोसों दूर, कांग्रेस ने न केवल उसे सही ठहराया, बल्कि झूठ के साथ आरोपी का बचाव भी किया। कांग्रेस ने एक घृणित वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं हैं। मातृ शक्ति का अपमान कांग्रेस की पहचान बन गई है।

**पूनावाला बोले- सारी हदें पार कीं**

### कांग्रेस झूठ बोलकर कर रही बचाव



बिहार कांग्रेस द्वारा पीएम मोदी और उनकी मां पर जारी किए गए एआई वीडियो पर भाजपा नेता शहनाज पूनावाला ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पीएम की मां को गाली देने का कोई पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न सिर्फ झूठ बोलकर आरोपी का बचाव किया, बल्कि तारिक अनवर का भी बचाव किया है। अब बिहार कांग्रेस ने एक घिनौने वीडियो के साथ सारी हदें पार कर दीं है। यह पार्टी गांधीवादी की बजाए गालीवादी हो गई है। पूनावाला ने कहा कि महिला और मातृ शक्ति का अपमान करना कांग्रेस की पहचान बन गई है।

### कैप्शन में लिखा- 'साहब के सपनों में आई मां...'

बिहार कांग्रेस ने 10 सितंबर को एक एआई वीडियो जारी किया है, जिसमें पीएम मोदी की दिवंगत मां हीराबेन का किरदार दिखाया गया है। इसमें पीएम मोदी की मां उनसे बात करती दिखाई दे रही हैं। इस एआई वीडियो में नोटबंदी, बिहार में राजनीति समेत कई मुद्दों पर बात की गई है। जिस पर भाजपा ने आपत्ति दर्ज की है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए इस वीडियो के कैप्शन में लिखा गया, 'साहब के सपनों में आई मां...'।

### हार के डर से मानसिक संतुलन खोयाः राजीव रंजन

इस तरह के वीडियो पर जेडीयू नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जब हार पक्की हो तो राजनीतिक दलों के लिए अपना मानसिक संतुलन बरकरार रखना मुश्किल हो जाता है। इस बार का ट्वीट इनकी हताशा और बौखलाहट को जाहिर करता है। प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत माताजी को पहले इनके मंच से गालियां दी गईं और फिर इनकी इस वीडियो के माध्यम से उनका घोर अपमान किया गया है। कांग्रेस के लिए आने वाला समय बहुत मुश्किल होने वाला है।



### पीएम मोदी ने बताया था इसे महिलाओं का अपमान, पीड़ादायी

दरभंगा के मंच से एक शख्स ने पीएम मोदी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहे थे, तब से यह एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। पीएम मोदी भी जापान-चीन की यात्रा से लौटने के बाद अपनी मां को गाली देने के मुद्दे को महिलाओं का मुद्दा बनाते हुए कहा था कि मां हमारा संसार होती हैं। मां आत्म सम्मान होती हैं। उन्होंने कहा था कि मेरी मां ने मेरी परवरिश बहुत कठिनाई से की। आज अपनी बात कहते हुए यहां बैठी माताओं की आंखों में आंसू देख कर मुझे बहुत पीड़ा हो रही है।

## पीएम मोदी की मणिपुर यात्रा पर राहुल गांधी का तंज...

# लंबे समये से हो रही हिंसा और वे अब जा रहे

**जूनागढ़ (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर के दौरे पर जा रहे हैं। राज्य के मुख्य सचिव ने इस बात की पुष्टि कर दी है। ऐसे में कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी की मणिपुर यात्रा पर तंज कसा है। उन्होंने पीएम मोदी के मणिपुर दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि मणिपुर की समस्या काफी समय से चल रही है। अच्छी बात है कि वे अब वहां जा रहे हैं। गुजरात के जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल ने पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर में लंबे समय से हिंसा चल रही है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं कि पीएम मोदी अब वहां जा रहे है। राहुलने 'वोट चोरी' के आरोपों को दोहराते हुए कहा कि अभी देश में सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है।

### गुजरात के जूनागढ़ में एक कार्यक्रम में यह बात कही



पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस नेता ने एक बार फिर अपने 'वोट चोरी' वाले आरोप को दोहराया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी समस्या वोट चोरी की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा और महाराष्ट्र में लोगों का जनादेश चुरा लिया गया। हर जगह लोग कह रहे हैं 'वोट चोर'। कांग्रेस नेता ने कहा कि ये मणिपुर के लोगों का अपमान है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी 29 महीनों से मणिपुर नहीं आए हैं और अब जब आ रहे हैं, तो वह दौरा सिर्फ औपचारिकता लग रहा है। उन्होंने इसे नॉन-विजिट यानी औपचारिक और खोखली यात्रा बताया।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 1868/न.पा.नि./ लोनिवि / 25-26 अम्बिकापुर दिनांक 11/09/2025

**// ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना (द्वितीय) //**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा वार्ड क्रमांक 02 सुभाष नगर में सब्जी मण्डी से वाईन शॉप रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य लागत राशि रूपये 199.93 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175033) तथा अधोसंरचना मद अन्तर्गत नवीन कार्यालय भवन में विद्युतीकरण कार्य लागत राशि रूपये 81.47 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 175111) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cg state.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम,
अम्बिकापुर

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइटस के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित कि जाती है–

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-38-2025 | दिनांक 26.09.2025 को 11:00 बजे | आदर्श नगर (पी आर एस), कुरुक्षेत्र (प्रथम प्रवेश), दिल्ली PF-16, KG Side (TW parking) कुरुक्षेत्र (द्वितीय प्रवेश), सोनीपत (प्रथम प्रवेश), सोनीपत (द्वितीय प्रवेश), (Site-A) मेरठ सिटी = कुल 07 साइटें |
| Parking-39-2025 | दिनांक 29.09.2025 को 11:00 बजे | मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), बरेटा, मुरादनगर, करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद मारकंडा, रोहतक (द्वितीय प्रवेश), (साइकिल–स्कूटर), शामली (पी आर एस), नया गाजियाबाद, गाजियाबाद (सिटी साइड), तुगलकाबाद (कार) = 10 कुल साइटें |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।


**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी :** वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डी आर एम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** pkg.delhidivision@gmail.com, **Tel:** 011-23743084

सं.: 23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक: 11.09.2025 2777/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## 45 मिनट तक राम मंदिर में रहे मॉरीशस के पीएम पत्नी संग किए दर्शन-पूजन, सीएम भी रहे मौजूद

### डॉ. नवीन चंद्र दूसरे विदेशी पीएम जिन्होंने रामलला का पूजन किया





इस दौरान परिवार के सदस्य, मॉरीशस प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे

*लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी के बाद मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीन चंद्र राम गुलाम अयोध्या पहुंचे। जहां महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर उनका स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। उनके साथ परिवार के सदस्य, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी और कैबिनेट के मंत्री भी मौजूद रहे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत पारंपरिक रेड कार्पेट शैली में किया गया। उन्होंने पत्नी के साथ रामलला की आरती उतारी और दर्शन-पूजन किए। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथी उनके साथ मौजूद रहे।*

## सुप्रीम कोर्ट ने ईसीआई से मांगा जवाब

# पार्टियों के रजिस्ट्रेशन नियम बना काले धन पर रोक लगाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन के लिए नियम बनाने का निर्देश देने की मांग की गई है, ताकि राजनीति में भ्रष्टाचार और काले धन के इस्तेमाल पर रोक लगाई जा सके। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता एडवोकेट अश्विनी कुमार उपाध्याय को सुनने के बाद आदेश दिया कि चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त सभी राष्ट्रीय राजनीतिक दलों को भी पक्षकार बनाया जाए। याचिका में केंद्र सरकार से भी आग्रह किया गया है कि वह न्यायमूर्ति एमएन वेंकटचलैया समिति द्वारा तैयार किए गए बिल की समीक्षा करे और राजनीति में भ्रष्टाचार, जातिवाद, साम्प्रदायिकता, अपराधीकरण, भाषावाद और क्षेत्रवाद को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाए। विधि आयोग विकसित देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन कर राजनीतिक दलों के पंजीकरण और विनियमन पर एक रिपोर्ट तैयार करे।

## नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोलते हुए संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा

अमेरिका पर प्रहार करते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि जब आप सात समंदर दूर हैं और कोई संपर्क नहीं है, तो डर किस बात का?

# लोग डरते हैं कि अगर 'भारत मजबूत' हुआ तो उनका क्या होगा? इसीलिए टैरिफ लगा रहे

एजेंसी ▶▶ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत पर टैरिफ इस डर से लगाए गए हैं कि अगर भारत मजबूत हुआ तो उनका क्या होगा। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना कहा कि ऐसे कदम सिर्फ खुद के बारे में सोचने के रवैए का नतीजा हैं। वे नागपुर में ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति सरोवर के सातवें स्थापना दिवस पर बोल रहे थे। भागवत ने कहा कि महिलाओं की ओर से संचालित आध्यात्मिक आंदोलन ब्रह्माकुमारीज की तरह आरएसएस भी आंतरिक चेतना को जागृत करने का काम करता है।

### नजरिया मैं से बदलकर हम कर लें तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी



भागवत ने कहा कि जब तक इंसान और देश अपने असली स्वरूप को नहीं समझेंगे, तब तक उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर हम करुणा दिखाएं और भय पर विजय पा लें, तो हमारा कोई शत्रु नहीं रहेगा। अगर इंसान अपना नजरिया मैं से बदलकर हम कर ले, तो सभी समस्याएं हल हो जाएंगी। आज दुनिया समाधान खोज रही है, क्योंकि अपनी अधूरी दृष्टि के कारण वह आगे का रास्ता नहीं खोज पा रही है।

### भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए

संघ प्रमुख ने कहा कि भारत महान है और भारतीयों को भी महान बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत बड़ा है और वह और बड़ा होना चाहता है। भागवत ने कहा कि भारतीयों में अपनेपन की गहरी भावना होती है और वे अभाव के समय में भी खुश और संतुष्ट रहते हैं। उन्होंने कहा कि कोई अभाव नहीं होना चाहिए, लेकिन अगर है, तो समय आने पर बदल जाएगा। फिर भी कठिनाई और दुःख में भी, यहां के लोग अपनेपन की इसी भावना के कारण संतुष्ट रहते हैं।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी- पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor, Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

**प्रारूप संख्या एसटीके-6**
**सार्वजनिक सूचना**
{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में।}

सार्वजनिक नोटिस ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2025-26/1104 दिनांकः-02/09/2025

**संदर्भः**
1. कम्पनी अधीनियम, **2013** की धारा **248 (2)** के तहत निम्नलिखित **(24)** कम्पनियों का नाम **हरियाणा** राज्य से हटाने के मामले में:

| S. No | Work Item | CIN | Hindi Name |
|---|---|---|---|
| 1 | AB6005362 | U68200HR2024FTC126758 | हाइन्स पार्क व्यू प्राइवेट लिमिटेड |
| 2 | AB6129131 | U63090HR2020PTC088284 | वर्ककेशन्स स्टेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 3 | AB5693854 | U72900HR2019PTC083200 | विलन वेब प्राइवेट लिमिटेड |
| 4 | AB5618734 | U74999HR2022PTC100866 | शेली लोध कंसल्टिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 5 | AB5726644 | U93090HR2020PTC090856 | एसएसएस मैनपावर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 6 | AB5455617 | U46595HR2024FTC126283 | आर्डमेल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 7 | AB5729917 | U68100HR2023PTC114638 | ऐऑनिक रियल्टी कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 8 | AB5765856 | U96092HR2024PTC122083 | टेलटॉकर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 9 | AB5820813 | U72900HR2020PTC089398 | फुलमार्क्स ऐप्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 10 | AB5839676 | U78300HR20240PC119978 | जब्राइट सॉल्यूशंस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड |
| 11 | AB5837029 | U47912HR2025PTC128638 | शाकु ओम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड |
| 12 | AB5877502 | U18209HR2017PTC068237 | ग्लैमफोलियो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड |
| 13 | AB5890156 | U52300HR2011PTC044322 | एनएच टूल्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 14 | AB5935361 | U33200HR2025PTC129268 | हिनाता इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड |
| 15 | AB5912802 | U24239HR2021PTC097015 | न्यूट्रिलिटी लाइफसाइंसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 16 | AB5999338 | U17299HR2019PTC080739 | एस्पेरटो टेक्सवेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 17 | AB6038255 | U63999HR2024PTC119102 | कॉल गार्डटेक सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 18 | AB6092539 | U80102HR2023PTC109037 | कुमी एग्जीक्यूटिव एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड |
| 19 | AB6023219 | U80302HR2011PTC073648 | फॅरिक एजुकेयर प्राइवेट लिमिटेड |
| 20 | AB6071686 | U56302HR2024PTC118976 | ओशो टी प्राइवेट लिमिटेड |
| 21 | AB6093811 | U46411HR2024PTC118071 | अमृत डिजाइन स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड |
| 22 | AB5486657 | U73100HR2024PTC126245 | सुभाषया सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |
| 23 | AB5571986 | U68100HR2024PTC124938 | टनवेटा होम्स प्राइवेट लिमिटेड |
| 24 | AB5652498 | U31909HR2000PTC034506 | ड्यू एनर्जी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड |

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे है या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी ने रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है।
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को/कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
सहायक रजिस्ट्रार
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0369/2526

## चिंतन

# कब, कैसे कर पाएंगे हम आधी आबादी की सुरक्षा

देश में महिला सुरक्षा या सम्मान की बात आते ही एक के बाद एक न जाने कितने दावे किए जाते हैं। कितने तरह के कानून की दुहाई दी जाती है, लेकिन बात जब भी धरातल की होती है और एक के बाद महिलाओं के प्रति अपराध की बात आती है तो लगता है कि बहुत कुछ किया जाना शेष है। दिल्ली में निर्भया हत्याकांड के बाद केंद्र सरकार ने कानून में आमूलचूल बदलाव किए। दावा किया गया कि अब कोई भी महिलाओं के खिलाफ अपराध करने से पहले सौ बार सोचेगा, लेकिन हुआ क्या। हर रोज समाचार पत्रों के पन्नों पर ऐसी खबरों की भरमार नजर आती है। 'नारी 2025' नामक राष्ट्रीय वार्षिक रिपोर्ट ने इस मुद्दे पर चौकाने वाले आंकड़े पेश किए हैं, जो महिला सुरक्षा की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठाते हैं। इस रिपोर्ट के अनुसार देश की लगभग 40 फीसदी महिलाएं अपने शहरों में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। यह आंकड़ा शहरों के सार्वजनिक स्थानों, ऑफिस, स्कूल, कॉलेज और ट्रांसपोर्ट में महिलाओं की सुरक्षा की मौजूदा स्थिति का दर्दनाक सच बयान करता है। रिपोर्ट में रांची, श्रीनगर, कोलकाता, दिल्ली, फरीदाबाद, पटना और जयपुर को महिलाओं के लिए सबसे असुरक्षित शहर माना गया है। दिल्ली और फरीदाबाद में लगभग 42 प्रतिशत महिलाएं खुद को असुरक्षित महसूस करती हैं, वहीं, कोहिमा को महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित शहर माना गया, जहां 80 फीसदी से ज्यादा महिलाएं सुरक्षित महसूस करती हैं। विशाखापत्तनम, भुवनेश्वर, आइज़ोल, गंगटोक, ईटानगर और मुंबई भी अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। अगर उत्पीड़न के आंकड़े को देखें तो 2024 में 7 फीसदी महिलाओं ने उत्पीड़न का सामना किया, जिसमें 18-24 साल की युवा महिलाओं का जोखिम सबसे अधिक था। दुःखद बात ये भी है कि महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों की आधिकारिक रिपोर्टिंग बहुत कम होती है। केवल 22 प्रतिशत महिलाएं अपने अनुभवों की रिपोर्ट पुलिस को देती हैं, और केवल 16 फीसदी मामलों में कार्रवाई होती है। यही कारण है कि महिला सुरक्षा में भारत की रैंकिंग 177 देशों की सूची में 124वां स्थान है। यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए शर्म की बात है। अब वीरवार के ही एक समाचार को देखें जिसमें एक महिला को उसी शख्स के हाथों सरेआम अपमान झेलना पड़ा, जिसके साथ उसने सात फेरे लिए थे। जिसने जीवन भर उसकी सुरक्षा का वादा किया। ऐसा भी नहीं कि पति और पत्नी अशिक्षित या पिछड़े इलाके से थे। पत्नी स्कूल में टीचर है और हैवान बन बैठा पति कॉलेज में लेक्चरर है। इसके बावजूद उसने अपनी पत्नी को सरेआम बेइज्जत किया। उसने अपनी पत्नी के गले में चप्पलों की माला डाली, उसके साथ मारपीट की और सड़क पर परेड कराई। यही नहीं इस शर्मसार करने वाली पूरी घटना का वीडियो भी बनाया। पति को अपनी पत्नी पर शक था कि उसके किसी और के साथ प्रेम संबंध हैं। अब इसे आप क्या कहेंगे। जब रखवाला ही हैवानियत करने लगे तो किससे उम्मीद करेंगे। एक ऐसा देश जहां साल में दो बार नवरात्र पर माता के रूप में महिलाओं को पूजा जाता है, उसी देश में महिला सुरक्षा की हालात ये है। अगर किसी को यह लगता हो कि सख्त कानून बनाने से महिलाओं के खिलाफ अपराध खत्म हो जाएंगे तो ऐसा होने वाला नहीं है। इसके लिए हमें नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाना होगा। उन परंपराओं का पालन करना होगा, जो हमारी संस्कृति ने हमें दी हैं। एकल परिवार से हटकर कुटुंब व्यवस्था की ओर लौटना होगा तभी हम आधी आबादी को सुरक्षित रख पाएंगे।



पड़ोस
प्रमोद भार्गव

# अस्थिरता के दौर से गुजरता नेपाल

नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

भारत का पड़ोसी देश नेपाल जब से कम्युनिस्ट देश बना है, तब से चीन के दबाव के चलते यहां लगातार अस्थिरता बनी हुई है। इस बार नेपाल भीषण संकट में है। यह संकट इसलिए बढ़ा, क्योंकि राजशाही खत्म होने के बाद संघीय सरकार से युवाओं को अपेक्षा थी कि देश में राजनीतिक स्थिरता तो कायम होगी ही, सरकारी नौकरियों और अन्य रोजगारों की संभावना भी बढ़ेगी। लेकिन 17 साल के गैर राजतांत्रिक नेपाल में 15 सरकारें तो बदलीं, परंतु हालात नहीं बदले। इसी बीच राजशाही और नेपाल को हिंदू राष्ट्र बनाने की मांगें भी उठती रही हैं। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो से जनता को पता चला कि मंत्री और उनके परिजन देश-विदेश में ऐशोआराम की जिंदगी जी रहे हैं। उनके बच्चे विदेशों में अच्छी शिक्षा ले रहे हैं। ब्रांडेड सामान के साथ फाइव स्टार जीवन विदेशों में व्यतीत कर रहे हैं।

इस वैभव की पृष्ठभूमि में सरकारी स्तर पर फैले भ्रष्टाचार को मुख्य कारण माना। जबकि गरीब युवा प्रतिदिन तीन हजार से ज्यादा की संख्या में पलायन करने को विवश हो रहे हैं। इस आंदोलन को पहले दक्षिणपंथी करार देने की कोशिशें हुईं, लेकिन वास्तव में यह आक्रोश उस कुंठा के चलते उपजा जो नेताओं और उनके परिजनों के वीडियो में भोग-विलास का जीवन जीते हुए दिखा। नेपाल में हिंसा और अराजकता इस हद तक फैली कि आंदोलनकारियों ने संसद भवन, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और मंत्रियों तक के घर जला दिए। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा की पत्नी को जिंदा जला दिया। देश की सत्ता की इस राख में 22 युवाओं की सेना और पुलिस की गोलाबारी में हुईं मौतों की राख भी मिल गई। इस आंदोलन को सोशल मीडिया के साथ खासतौर से जेन-जी पर पाबंदी माना जा रहा है। हालांकि यह रोक युवाओं का आक्रोश देखने के बाद हटा ली गई थी। जेन-जी यानी जेनरेशन-जेड का बोध कराने वाली वह पीढ़ी है, जिनका जन्म 1997 से लेकर 2012 के बीच हुआ है। यानी वर्तमान में ये आंदोलनकारी किशोर एवं युवा हैं। इस आग में घी डालने का काम सुदन गुरुंग और बालेन शाह ने जेन-जी पर उपस्थिति दर्ज कराकर कर दिया। सुदन ओली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार और परिवारवाद की मुहिम पूर्व से ही चला रहे थे। कुछ नेताओं की बढ़ती संपत्ति के विरुद्ध भी मोर्चा खोले हुए थे। इसी बीच 4 सितंबर को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया गया तो राजधानी काठमांडू के महापौर बालेन शाह सक्रिय हो गए। उन्होंने सोशल मीडिया एक्सेस किया और लिखा, 'कल की रैली जेन-जी की रैली है। इस रैली में कोई भी पार्टी, नेता, सांसद एवं कार्यकर्ता को निजी लाभ के लिए शामिल होने की जरूरत नहीं है। उम्र के कारण मैं जा नहीं सकता, लेकिन मेरा पूरा समर्थन है।' बालेन के चाहने वाले लाखों में हैं। देखते-देखते आंदोलन की दशा और दिशा तय हो गई और लाखों युवा आंदोलन के लिए काठमांडू की सड़कों पर उतर आए। संसद और राष्ट्रपति भवन पर कब्जा कर लिया, प्रधानमंत्री आवास पर पत्थरबाजी की और पूरे शहर में ऐसा तांडव मचाया कि सेना और पुलिस को नियंत्रण के लिए संयुक्त अभियान चलाना पड़ा। नेपाल के इतिहास में इसे बड़ी तख्तापलट की घटना के रूप में देखा जा रहा है। इससे पहले



बांग्लादेश और श्रीलंका में भी इसी तरह का जनआक्रोश फूट चुका है। वहां की सरकारें अपदस्थ हुई हैं। नेपाल में हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग भी लंबे समय से उठ रही है। वहां अनेक संगठन सड़कों पर उतरकर राजशाही के पक्ष में आंदोलन कर चुके हैं। इस मांग को मुख्य रूप से राष्ट्रवादी राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी कर रही है। यह नेपाल की पांचवीं सबसे बड़ी पार्टी है। इस दल के प्रवक्ता मोहन श्रेष्ठ की मांग है कि नेपाल में राजशाही की पुनर्बहाली हो और इसे हिंदू राष्ट्र घोषित किया जाए। नेपाल को 2007 में पंथनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया था। नतीजतन 2008 में राजशाही व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। 2008 में नेपाल के गणराज्य बनने के बाद से कारोबारी दुर्गा प्रसाई आंदोलन को हवा दे रहे हैं। एक समय प्रसाई के प्रधानमंत्री प्रचंड और ओली के साथ घनिष्ठ संबंध थे, लेकिन बाद में वे दोनों के आलोचक हो गए। इसी समय राजशाही के दौर में गृहमंत्री रहे कमल थापा ने हिंदू राष्ट्र की मांग के लिए नया गठबंधन बना लिया है। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र शाह भी एकाएक सक्रिय होकर सार्वजनिक कार्यक्रमों में भागीदारी करने लगे हैं। वह मंदिरों में होने वाली पूजा में शामिल हो रहे हैं। दरअसल नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी का चीन की गोद में बैठना और भारत विरोधी अभियान चलाना देश की जनता को नागवार गुजर रहा है। नेपाल के मुसलमान भी देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के पक्ष में हैं। समाज के कुछ नेताओं का मानना है कि हिंदू राष्ट्र का दर्जा खत्म होने के बाद से नेपाल में ईसाई मिशनरियां ज्यादा सक्रिय हो गई हैं। मिशनरी इस स्थिति का फायदा उठाकर लोगों का धर्म परिवर्तन करवा रही हैं। यूसीपीएन माओवादी के मुस्लिम मुक्ति मोर्चा भी मिशनरियों के बढ़ते प्रभाव को स्वीकार नहीं करता है। राष्ट्रवादी मुस्लिम मोर्चा भी देश की धर्मनिरपेक्ष पहचान नहीं चाहता है। 80 फीसद मुस्लिम आबादी देश की हिंदू पहचान बहाल करने के पक्ष में हैं। गौरतलब है कि राजनीतिक दलों के बीच नए संविधान में देश की धर्मनिरपेक्षता की पहचान खत्म करने को लेकर सहमति बनी थी। इसके बाद से यह मांग और तेज हो गई है। देश के सभी समुदाओं के लोग मानते हैं कि पुरानी हिंदू पहचान की बहाली का कोई विकल्प नहीं है। धर्मनिरपेक्षता हिंदू-मुस्लिम एकता तोड़ने की साजिश है। नेपाल में लोकतांत्रिक व्यवस्था की स्थापना तो हो गई, लेकिन लचर नेतृत्व के चलते यह देश अपना अस्तित्व खोने की कगार पर आ खड़ा हुआ है। इसी चिंता से यह आक्रोश उपजा है।

नेपाल और चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों के तहत ऐतिहासिक पारगमन व्यापार समझौते समेत 10 समझौतों की शुरुआत करके नेपाल ने चीन से रिश्ते मजबूत कर लिए हैं। चीन और नेपाल के बीच तिब्बत के रास्ते रेलमार्ग बनाने पर भी संधि हुई है। चीन ने काठमांडू से करीब 200 किमी दूर पोखरा में क्षेत्रीय हवाई अड्डा निर्माण के लिए नेपाल को 21000 डॉलर का सस्ती ब्याज दर पर ऋण दिया है। मुक्त व्यापार समझौते पर भी हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल में तेल और गैस की खोज करने पर भी चीन सहमत हुआ है। इसके लिए वह नेपाल को आर्थिक और तकनीकी मदद देने को राजी है। चीन ने नेपाल में अपने व्यावसायिक बैंक की शाखाएं भी खोल दी हैं। नेपाली बैंक भी अपनी शाखाएं चीन में खोल रहे हैं। संस्कृति, शिक्षा, भाषा और पर्यटन जैसे मुद्दों पर भी चीन का दखल नेपाल में बढ़ गया है। अर्से से इन्हीं कुटिल कूटनीतिक चालों के चलते कम्युनिष्ट विचारधारा के पोषक चीन माओवादी नेपालियों को अपनी गिरफ्त में लेकर अपनी साम्राज्यवादी लिप्सा को आगे बढ़ा रहा है। इस चीनी लिप्सा के प्रतिरोध में भी यह संकट देखा जा रहा है। अतएव इस तत्काल के संकट को किसी एक दृष्टिकोण से देखा जाना भूल होगी।

( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विश्लेषण
राजेश माहेश्वरी



# राधाकृष्णन के सामने अवसर और चुनौतियां भी कम नहीं

चंद्रपुरम पोनुस्वामी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति बन गए हैं। राजनीतिक गलियारों में सीपीआर के नाम से ख्यात राधाकृष्णन को सत्तारूढ़ राजग ने जब प्रत्याशी बनाया, तभी से उनकी जीत तय मानी जा रही थी, लेकिन विपक्षी खेमे ने बी. सुदर्शन रेड्डी को चुनाव में उतार कर इस मुकाबले को रोमांचक बनाने का प्रयास किया। विपक्षी मोर्चे ने तमिल बनाम तेलुगु अस्मिता का मुद्दा उछालकर राजग की प्रमुख सहयोगी तेलुगु देसम पार्टी के सामने धर्मसंकट खड़ा करने के साथ ही अक्सर विधायी मामलों पर सरकार का समर्थन करने वाली वाइएसआर कांग्रेस और एक अन्य दल बीआरएस के समक्ष राजनीतिक दुविधा बढ़ाने का दांव चला था। हालांकि नतीजे यह बताते हैं कि विपक्ष की यह आकांक्षा पूरी नहीं हो पाई। भारत के पंद्रहवें उपराष्ट्रपति के रूप में सीपी राधाकृष्णन शपथ ले चुके हैं। नए उपराष्ट्रपति के रूप में राधाकृष्णन के समक्ष चुनौतियां भी कम नहीं होंगी। राज्यसभा के सभापति के रूप में उन्हें संतुलन साधने का प्रयास करना होगा। उनके पूर्ववर्ती धनखड़ आरंभिक स्तर पर उच्च सदन में विपक्ष को बहुत स्पेस नहीं देते थे, पर विपक्ष के आक्रामक तेवरों के बाद उन्हें रवैया कुछ बदलना पड़ा। सरकार और उनके बीच अविश्वास की खाई बढ़ने में उनका बदला हुआ रवैया भी एक पहलू बन गया था। चूंकि सदन के सभापति से दलगत या वैचारिक आग्रह से ऊपर उठकर कार्यवाही के संचालन की अपेक्षा की जाती है, इसलिए राधाकृष्णन को इस मोर्चे पर कोई मध्य मार्ग तलाशना ही होगा। राज्यसभा के सभापति पद पर भले ही कोई प्रत्यक्ष काम न दिखे, लेकिन इसकी अपनी संवैधानिक भूमिका होती है। प्रोटोकॉल में उपराष्ट्रपति दूसरे नंबर पर आते हैं। देश-विदेश में उनका नाम होता है और इस लिहाज से यह पद अहम है। चुनौतियों की बात की जाए तो उपराष्ट्रपति को सत्ता और विपक्ष के बीच तटस्थ रहना होता है। विपक्ष अक्सर इस पद पर आसीन लोगों के खिलाफ पक्षपात का आरोप लगाता रहता है। राधाकृष्णन को अपनी निष्पक्षता साबित करने के लिए हर कदम पर सावधानी बरतनी होगी। राज्यसभा में सांसदों के बीच तीखी नोक-झोंक और अव्यवस्था उपराष्ट्रपति की भूमिका को मुश्किल बना देती है। कई मौकों पर ऐसा हुआ है जब विपक्षी सांसदों के निलंबन जैसे कदमों से विवाद हुआ है। राधाकृष्णन को ऐसी स्थिति में धैर्य और कड़ाई का संतुलन बनाना होगा। उपराष्ट्रपति का पद संवैधानिक गरिमा का प्रतीक होता है। इस पद पर आसीन व्यक्ति को अपने कर्मों के द्वारा इस गरिमा की रक्षा के लिए बहुत ध्यान देना होता है। राधाकृष्णन को इस गरिमा को बनाए रखना होगा। राधाकृष्णन के सामने सबसे बड़ी कसौटी होगी सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन बनाना। उनकी आरएसएस और बीजेपी में काम करने की मजबूत पृष्ठभूमि है, और अच्छा सियासी अनुभव है। लेकिन यही पृष्ठभूमि विपक्ष के लिए संदेह का कारण भी बन सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके नेतृत्व में राज्यसभा की कार्यवाही अधिक समावेशी हो सकेगी और सदन में जन सरोकारों से जुड़ा अधिक कार्य हो सकेगा। यह निर्विवाद सत्य है कि संसद की विश्वसनीयता अध्यक्ष की दलीय सीमाओं से परे सम्मान अर्जित करने की क्षमता पर निर्भर करती है। सीपी राधाकृष्णन का उप राष्ट्रपति पद के लिए चुना जाना विपक्ष के लिए एक सबक जैसा भी है। जो उसे याद दिलाता है कि प्रतीकात्मक मुकाबले एक सुसंगत रणनीति का विकल्प नहीं हो सकते। यह भी एक हकीकत है कि राधाकृष्णन ऐसे वक्त में यह पद संभाला है जब सरकार और विपक्ष के बीच असहमति की खाई ज्यादा गहरी नजर आती है। पूर्व उपराष्ट्रपति धनखड़ के समय में सरकार और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद के साथ मनभेद भी बढ़ा है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। अपने पूर्ववर्ती की कार्यप्रणाली के मद्देनजर नये उपराष्ट्रपति को अपनी कार्यशैली में व्यापक सुधार करना होगा। आने वाले समय में उन्हें पक्ष और विपक्ष को साथ लेकर विधायी कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इन तमाम चुनौतियों के बीच सी.पी. राधाकृष्णन के सामने उपराष्ट्रपति के तौर पर संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने का सुनहरा अवसर भी है। उनकी भूमिका न केवल संसद की कार्यवाही को सुचारू बनाने की है, बल्कि देश की संवैधानिक और कूटनीतिक गरिमा को बढ़ाने की भी है। अगर वह निष्पक्षता, धैर्य और संवैधानिक मूल्यों के हिसाब से काम करेंगे, तो निश्चित रूप से सत्ता और विपक्ष के बीच संतुलन साधने में कामयाब होंगे, और इस पद के लिए एक नजीर बनेंगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि राधाकृष्णन उच्च सदन की गरिमा और गौरव को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति



संकलित
दर्शन

लोभ के कारण संसार में समस्त पापों की उत्पत्ति होती है। इस लोभ का ही दूसरा नाम लालच है। लालच से सारे गुण नष्ट हो जाते हैं और उनका स्थान ग्रहण कर लेते हैं-क्रोध, द्वेष, मान, माया आदि। शायद ही कोई ऐसा पाप बचता हो जो लालच से पैदा न होता हो। कोई ऐसा दुर्गुण शेष नहीं रहता जो लालची व्यक्ति में न हो। जब सारे दुर्गुण, सारे पाप किसी व्यक्ति के हृदय में बैठ जाएँ तो उसका सर्वनाश होना स्वाभाविक ही है। इसलिए लालच को सभी महा-आत्माओं ने तमाम संकटों की जननी और तमाम अनर्थों का आश्रय कहा है। जिस मनुष्य के अन्तःकरण में लालच का दैत्य एक बार प्रवेश कर गया, उसके लिए फिर जघन्य-से-जघन्य पाप कर डालना असम्भव नहीं रहता। आज का मानव दिन-ब-दिन अधिकाधिक लालची, लोभी होता जा रहा है। अपनी यश-लिप्सा, संसार के समस्त सुख-साधनों और उनकी प्राप्ति के माध्यम-अर्थ-धन की सिद्धि में वह इतना बेहोश हो जाता है कि अपने जन्मदाता माँ-बाप की हत्या करने से भी नहीं चूकता। पग-पग पर आजीवन सुख-दुःख के सहभागी सहोदर की दैहिक-लीला को नष्ट करके भी यदि उसकी लालची भूख को क्षणिक तृप्ति मिलने की सम्भावना हो तो वह जघन्य पाप करने में भी नहीं झिझकता।

## ऐसे काम न करें, जिससे गलत लोगों की ताकत बढ़े



संकलित
प्रेरणा

बाल कृष्ण माखन चोरी की लीला कर रहे थे। गोकुल के लोग इस वजह से काफी परेशान थे। एक दिन गांव के नंद बाबा और यशोदा के पास पहुंचे और कान्हा की शिकायत करने लगे। नंद बाबा ने कृष्ण से पूछा कि तुम माखन चोरी क्यों करते हो, जबकि हमारे घर में तो बहुत माखन है। कृष्ण ने कहा कि आप लोग मेहनत से दूध, दही, घी, माखन तैयार करते हैं और फिर ये चीजें कर के रूप में दुष्ट कंस को दे देते हैं और इस वजह से गांव के बच्चों को माखन नहीं मिलता है। आपके इस काम से कंस की ताकत लगातार बढ़ रही है। अगर आप कंस को कर देना नहीं रोकेंगे तो मैं तोड़-फोड़ करता रहूंगा। ताकि ये माखन कंस के पास न पहुंचे और गांव के बच्चों को मिल सके। कंस गांव के लोगों से कर के रूप में दुध, मक्खन वसूला करता था। कृष्ण ने देखा की लोग अपने बच्चों को न देकर कर के रूप में मक्खन कंस को देते हैं। कृष्ण ने इस बात का विरोध किया। ताकि लोग अपनी ताकत समझ सके और मिलकर कंस का विरोध कर सके। इस कथा में श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है कि हमें ऐसे काम नहीं करना चाहिए, जिनकी वजह से गलत लोगों की ताकत बढ़ती है। और व हम पर हावी हो जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### घोटालेबाजों पर हो सख्त कार्रवाई

हीरा कारोबारी भगौड़े मेहुल चौकसी को बेल्जियम से वापस लाने के लिए भारत की तमाम जांच एजेंसियों ने पूरा जोर लगाया हुआ है। मेहुल चौकसी और उसके भतीजे नीरव मोदी ने पंजाब नैशनल बैंक में लगभग 13500 करोड़ का घोटाला किया हुआ है। अब यह भारत की कैसी ऋण प्रणाली है जिसमें चौकसी और मोदी जैसे बड़े-बड़े कारोबारियों को बड़ी ही आसानी से बैंकों से ऋण प्राप्त हो जाता है। लेकिन अगर उन्हीं बैंकों से किसी आम नागरिक, किसान या गरीब व असहाय व्यक्ति ने अपने जीवन को सुधारने के लिए ऋण की नाममात्र रकम ही क्यों न लेनी हो, उससे सैकड़ों औपचारिकताएं पूरी करवाने के साथ-साथ गारंटर भी मुहैया करवाना पड़ता है।

- **महेश शर्मा**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# लेबनान ने एलन मस्क की स्टारलिंक को दिया लाइसेंस



लेबनान ने संकटग्रस्त देश में सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए एलन मस्क की स्टारलिंक को लाइसेंस जारी किया है। सूचना मंत्री पॉल मोरकोस ने बृहस्पतिवार रात मंत्रिमंडल बैठक के बाद यह घोषणा की। मोरकोस ने कहा कि स्टारलिंक मस्क की एक अन्य कंपनी स्पेसएक्स की ओर से संचालित उपग्रहों के माध्यम से पूरे लेबनान में इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध कराएगी। मस्क ने तीन महीने पहले लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन से फोन पर बात की थी और देश के दूरसंचार तथा इंटरनेट क्षेत्रों में काम करने की दिलचस्पी जताई थी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान सरकार ने देश के बिजली और दूरसंचार क्षेत्रों के लिए नियामक प्राधिकरणों की स्थापना की घोषणा की। लेबनान में भ्रष्टाचार से ग्रस्त ऊर्जा क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की स्थापना करना अंतरराष्ट्रीय संगठनों की एक प्रमुख मांग रही है। बिजली क्षेत्र के लिए नियामक प्राधिकरण की नियुक्ति लगभग 20 वर्ष पहले हो जानी चाहिए थी, लेकिन देश की प्राधिकृत संस्थाओं द्वारा बार--बार विलंब किया जाता रहा। इस कदम को लेबनान के ऊर्जा क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में देखा जा रहा है, जो इस छोटे भूमध्यसागरीय देश में हर साल एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की बर्बादी करता है।

## ऑफ बीट

# सोशल मीडिया से बच्चे सीख रहे हैं एआई का उपयोग

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) निबंध लेखन, भाषाओं का अभ्यास और गृह कार्य पूरा करने के तरीकों को तेजी से बदल रही है। शिक्षक भी अब पाठ योजना, मूल्यांकन और फीडबैक के लिए एआई उपकरणों का प्रयोग कर रहे हैं। लेकिन यह बदलाव इतनी शीघ्रता से हो रहा है कि स्कूल, विश्वविद्यालय और नीति-निर्माता इसके साथ कदम मिलाने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। इस तेज बदलाव के बीच अक्सर एक बुनियादी सवाल छूट जाता है-छात्र और शिक्षक वास्तव में एआई का उपयोग सीख कैसे रहे हैं? वर्तमान में यह सीखना अधिकांशतः अनौपचारिक तरीकों से हो रहा है। छात्र टिकटॉक या डिस्कॉर्ड पर सुझाव साझा करते हैं या चैटजीपीटी से निर्देश लेते हैं। शिक्षक स्टाफ रूम में आपस में चर्चा करते हैं या लिंक्डइन पर जानकारी हासिल करते हैं। हालांकि यह नेटवर्क जानकारी तेजी से फैलाते हैं, लेकिन इसमें पूर्वाग्रह, निगरानी या समानता जैसे गहरे मुद्दों पर विचार नहीं होता। यहीं पर औपचारिक शिक्षक प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। जिज्ञासा से आगे बढ़कर शोध से पता चला है कि अधिकतर शिक्षक एआई के लिए तैयार नहीं हैं। हालिया अध्ययन में पाया गया कि कई शिक्षकों को एआई उपकरणों की विश्वसनीयता और नैतिकता का आकलन करने का कौशल प्राप्त नहीं है।



## ट्रेंड

### बाढ़ स्थिति की समीक्षा



उत्तराखंड में बाढ़ की स्थिति को लेकर बैठक की। राज्य में बाढ़ से हुए नुकसान को देखकर बहुत पीड़ा हुई है। जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। हम हर जरूरी इंतजाम तेजी से सुनिश्चित करने में जुटे हैं।

- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### नेपाल आंदोलन



कुछ लोग नेपाल आंदोलन का नाम लेकर भारत में राजशाही का सपना देख रहे हैं, वे असल में लंबे समय से लोकतंत्र के विरोध में मन में दबाए बैठी भावनाओं को बाहर निकाल रहे हैं। इनको ये समझना चाहिए कि यहां राजशाही के लिए जगह नहीं है।

**-डॉ. रामदास अठावले, राज्यसभा सांसद**

### राधाकृष्णन को बधाई



सी.पी. राधाकृष्णन को आज भारत के 15वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में लोकतंत्र की मर्यादा, संवाद की संस्कृति और राष्ट्रहित का संकल्प और सशक्त होगा तथा भारत की गौरवपूर्ण यात्रा को नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी।

- **योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### विनम्र नहीं, निडर रहें



जीवन में, आपको हमेशा विनम्र लेकिन निडर रहना चाहिए। सफलता में कभी भी अहंकार को जन्म नहीं देना चाहिए। इससे रक्षात्मक या अति सतर्क होने की प्रवृत्ति भी नहीं आनी चाहिए।

- **अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महिला एशिया कप हॉकी : भारत को उठाना होगा मौकों का फायदा, सुपर-4 में आज जापान से सामना

एजेंसी ▶▶| हांगझोउ

पिछले मैच में चीन से हार के कारण आहत भारतीय टीम को अगर महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित करनी है तो उसे शनिवार को जापान के खिलाफ होने वाले सुपर 4 चरण के महत्वपूर्ण मैच में मौकों का पूरा फायदा उठाना होगा। भारतीय टीम ने पूल चरण में जापान के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला था और उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए शनिवार को होने वाले मैच में भी ड्रॉ की जरुरत होगी। विश्व की चौथे नंबर की टीम चीन पहले ही फाइनल में जगह बना चुका है। फाइनल रविवार को खेला जाएगा। चीन के खिलाफ हुए सुपर 4 मैच से पहले भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय थी, जिसमें उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में भारत ने कुछ मौके गंवाए, जिनमें तीन पेनल्टी कॉर्नर भी शामिल थे, जिसकी उसे भारी कीमत चुकानी पड़ी।



### भारत के पास विश्व कप में जगह बनाने का मौका

भारत वर्तमान में विश्व में नौवें स्थान पर है और वह चीन के बाद टूर्नामेंट में दूसरी सबसे ऊंची रैंकिंग वाली टीम है। एशिया कप खिताब जीतने वाली टीम अगले वर्ष 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करेंगी। रैंकिंग और प्रदर्शन के आधार पर मेजबान चीन टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है, लेकिन अगर भारत के अपने अगले दो मैच में अवसरों का पूरा फायदा उठाता है तो उसके पास भी विश्व कप में जगह बनाने का यह सुनहरा मौका है।

### शर्मिला देवी और ब्यूटी को करना होगा खेल में सुधार

इसके अलावा रुतुजा दादासो पिसल लालरेमसियामी, उदिता, शर्मिला देवी और ब्यूटी डुंग डुंग को भी टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत के बाद अपने खेल में सुधार करना होगा। नेहा गोयल और वैष्णवी विट्ठल फाल्के भारत की मध्य पंक्ति की धुरी हैं लेकिन उन्हें अग्रिम पंक्ति के लिए अधिक मौके बनाने होंगे। कप्तान सलीमा टेटे को भी अपने खेल में सुधार करने और टीम को प्रेरित करने की जरूरत है, जिसमें अब तक कमी दिखी है।



### शानदार फॉर्म में मुमताज

भारत के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह के लिए चिंता का विषय खराब फिनिशिंग है और वह उम्मीद करेंगे कि उनके स्ट्राइकर मौकों का फायदा उठाएंगे।



चीन के खिलाफ स्कोरलाइन इस बात का संकेत नहीं थी कि भारत ने गुरुवार को कैसा प्रदर्शन किया, क्योंकि उसने प्रतिद्वंद्वी टीम को कड़ी टक्कर दी और मैच के अधिकांश समय तक गेंद पर अपना कब्जा बनाए रखा। मुमताज खान शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने कुछ खूबसूरत मैदानी गोल भी किए हैं, लेकिन उन्हें नवनीत कौर जैसी खिलाड़ियों से अधिक सहयोग की उम्मीद होगी।

## हांगकांग ओपन: आरिफ-याप को हराकर आखिरी चार में जगह बनाई

# एक घंटे चले मुकाबले में सात्विक-चिराग ने दिखाया आक्रामक खेल, मलेशिया को हराया

एजेंसी ▶▶| हांगकांग

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की टॉप रैंकिंग बैडमिंटन जोड़ी हांगकांग ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को हराकर भारतीय जोड़ी ने आखिरी चार में जगह बनाई। टूर्नामेंट में आठवीं वरीयता प्राप्त इस भारतीय जोड़ी ने आरिफ और याप को तीन गेमों तक चले मुकाबले में हराया, जो एक घंटे से थोड़ा ज़्यादा समय तक चला। सात्विक और चिराग ने क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को आक्रामक खेल दिखाते हुए मैच 21-14, 20-22, 21-16 से अपने नाम कर लिया। मलेशियाई जोड़ी ने अपने दमदार आक्रमण से भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर देने की कोशिश की, लेकिन ऐसा नहीं कर पाए। सात्विक का खेल काफी बेहतर रहा। चिराग ने कभी-कभी सर्विस में गड़बड़ी की और बैककोर्ट में फ्लाइट का गलत आंकलन भी किया, जिससे मैच के कुछ अहम मौकों पर अंक गंवा दिए।



### दूसरे गेम में चिराग कर बैठे गलती

एक घंटे चार मिनट तक चले इस मुकाबले में सात्विक और चिराग ने पहले और तीसरे गेम में दबदबा बनाया। दूसरे गेम में भी उन्होंने लगभग बढ़त हासिल कर ली थी और लगातार चार अंक जीतकर स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया था, लेकिन चिराग की एक छोटी सर्विस ने गति बदल दी और मलेशियाई टीम ने पहले ड्यूस के बाद दो अंकों के अंतर से गेम अपने नाम कर लिया।

### भारतीय जोड़ी का सेमीफाइनल तक का सफर नहीं रहा आसान

सात्विक और चिराग का सेमीफाइनल तक का सफर आसान नहीं रहा। बीते दिन इस जोड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को एक घंटे तीन मिनट में 18-21, 21-15, 21-11 से हराया था। पिछले 12 महीनों में संघर्ष करने के बाद अब ऐसा नजर आ रहा है कि इस जोड़ी ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। उन्होंने सही समय पर अपना स्तर बढ़ाया और बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने आक्रामक बैडमिंटन का शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चिर-परिचित प्रतिद्वंद्वियों आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर टूर्नामेंट में पदक जीता था।

एशिया कप
छह बार की चैंपियन है श्रीलंका

# बांग्लादेश के सामने श्रीलंका की कड़ी चुनौती, भिड़ंत आज

एजेंसी ▶▶| अबुधाबी

अपने पहले मैच में हांगकांग पर आसान जीत से उत्साहित बांग्लादेश की टीम शनिवार को एशिया कप के ग्रुप बी मुकाबले में छह बार के चैंपियन श्रीलंका से भिड़ेगी, जो इस मुश्किल ग्रुप का भाग्य तय करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

एशिया कप खिताब की तलाश में लगे बांग्लादेश के अभियान की शुरुआत अच्छी रही। कप्तान लिटन दास ने 59 रन की पारी की मदद से बांग्लादेश ने हांगकांग पर सात विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश ने इस मैच में भले ही आसानी से जीत हासिल की लेकिन कुछ ऐसे विभाग हैं, जिनमें उसकी कमजोरी खुलकर सामने आई। इनमें गेंदबाजी विभाग प्रमुख है।



तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और लेग स्पिनर रिशाद हुसैन विकेट लेने के बावजूद रन लुटा बैठे। श्रीलंका के खिलाफ ऐसी कोई भी गलती बांग्लादेश को भारी पड़ सकती है।

### टीमें इस प्रकार

**बांग्लादेश:** लिटन दास (कप्तान), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, काजी नुरुल हसन सोहन, शाक महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन।

**श्रीलंका :** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, जेनिथ लियानगे, चमिका करुणारत्ने, डुनिथ वेलालेज, वानिंदु हसरंगा, महीश थीक्षाना, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

## आईजीपीएल टूर्नामेंट के चैंपियन बने भुल्लर



**चंडीगढ़।** एशियाई टूर पर 11 खिताब के साथ सबसे सफल भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने अपने अनुभव और कोर्स (गोल्फ मैदान) के कुशल इस्तेमाल से दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर आईजीपीएल आमंत्रण टूर्नामेंट के पहले आयोजन के चैंपियन बने। आईजीपीएल के इस आइकन खिलाड़ी ने 70-71-70 के शानदार दौर के साथ कुल पांच अंडर का कार्ड खेल एम धर्मा को दो शॉट से पछाड़ा। भुल्लर को 1.5 करोड़ रुपए के पुरस्कार पूल से 22.50 लाख रुपए का चेक मिला। दूसरे स्थान पर रहे धर्मा ने 15 लाख रुपए जीते।

### कुंदन और हुसैन अल्ट्रा रेस में बने विजेता




**लेह।** स्थानीय धावकों ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए लद्दाख की सड़कों पर हुई रेस में दबदबा बनाया, जिसमें त्सावांग कुंदन सिल्क रुट अल्ट्रा वर्ग में जबकि शब्बीर हुसैन खारदुंगला चैलेंज में विजेता बने। कुंदन ने 13 घंटे, 50 मिनट और 01 सेकेंड का समय लेकर हिमालय के दुर्गम इलाकों से होकर गुजरने वाली 122 किलोमीटर लंबी सिल्क रुट अल्ट्रा दौड़ में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके बाद फुंचोक नामगेल (14:38:14) दूसरे स्थान पर रहे जबकि स्कार्मा फुरबू त्सेरिंग 15:01:01 सेकेंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं खारदुंगला चैलेंज में हुसैन ने 06:58:40 के समय के साथ जीत हासिल की और त्सेरिंग नोरबू (07:01:29) और स्टैनजिन नामग्याल (07:05:28) को एक कड़े मुकाबले में मामूली अंतर से पीछे छोड़ा।

## फिडे ग्रैंड स्विसः निहाल सरीन की बढ़त बरकरार

एजेंसी ▶▶| समरकंद

भारतीय ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने फिडे ग्रैंड स्विस के आठवें दौर में शुक्रवार को जर्मनी के मथियास ब्लूबाउम के साथ ड्रॉ खेला। इस ड्रॉ के बाद, दोनों खिलाड़ी छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। महिला वर्ग में हालांकि आर वैशाली की हार थोड़ी निराशाजनक कर रही क्योंकि उन्होंने अपनी एकल बढ़त गंवा दिया।

वह कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा से हार गईं। गत चैंपियन विदित गुजराती को भी जर्मनी के विन्सेंट कीमर से हार का सामना करना पड़ा। महिलाओं के वर्ग में रूस की कटेरीना लाग्नो ने मारिया मुजीचुक को हराकर 6.5 अंकों के साथ एकल बढ़त बना ली है। वह अब असाउबायेवा, वैशाली और चीन की यूक्सिन सोंग से आधा अंक आगे हैं।



इन तीनों खिलाड़ियों के नाम छह अंक है। निहाल सरीन ने काले मोहरों से खेलते हुए 'क्वीन्स गैम्बिट' का विकल्प चुना और ब्लूबाउम से उन्हें कोई खास चुनौती नहीं मिली। यह गेम सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ हो गया। दोनों खिलाड़ियों ने एक ही चाल के बार-बार रिपीट होने के बाद ड्रॉ पर सहमति जता दी।

### पाकिस्तान ने ओमान को 93 रन से रौंदा

**दुबई।** मोहम्मद हारिस की 66 रन की पारी के बाद गेंदबाजों के दबदबे वाले प्रदर्शन से पाकिस्तान एशिया कप टी20 अंतरराष्ट्रीय के ग्रुप ए मैच में शुक्रवार को यहां ओमान पर 93 रन की बड़ी जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। पाकिस्तान ने सात विकेट पर 160 रन बनाने के बाद ओमन की पारी को 16.4 ओवर में 67 रन पर समेट कर बड़ी जीत दर्ज की। पाकिस्तान के सामने ग्रुप ए में अब 14 सितंबर को भारत की चुनौती होगी और इस जीत से टीम का आत्मविश्वास थोड़ा बढ़ेगा। ओमान के लिए हम्माद मिर्जा ने सबसे ज्यादा 27 रन बनाये। उनके अलावा आमिर कलीम (13) और शकील अहमद (10) ही दोहरे अंक में रन बना सके। पाकिस्तान के लिए फहीम अशरफ, सईम आयुब और सुफियान मुकिम ने दो-दो विकेट लिये। हारिस ने 43 गेंद की पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़ने के अलावा साहिबजादा फरहान (29) के साथ दूसरे विकेट के लिए 64 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी।

## मेहुली और मानिनी ने किया निराश



**निंगबो।** विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता भारतीय निशानेबाज मेहुली घोष और मानिनी कौशी ने आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में निराशाजनक प्रदर्शन किया। मेहुली ने क्वालीफिकेशन राउंड में 583 अंक बनाकर 23वां स्थान हासिल किया, जबकि मानिनी 66 निशानेबाजों के बीच 580 अंक के साथ 45वें स्थान पर रहीं। इस स्पर्धा में भाग ले रही तीसरी भारतीय निशानेबाज सुरभि भारद्वाज 578 अंक के साथ 52वें स्थान पर रहीं। बाकू विश्व चैंपियनशिप 2023 में 10 मीटर एयर राइफल में कांस्य पदक जीतने वाली मेहुली ने नीलिंग पोजिशन में 98 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की थी।

### ओलंपिक में पदक चूकना मेरी हार नहीं: पीटी उषा

**नई दिल्ली।** लॉस एंजिलिस ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूकी उड़नपरी पीटी उषा ने कहा कि इसे वह अपनी हार नहीं बल्कि भारतीय खेलों के लिए निर्णायक पल मानती है, जिसने यह साबित किया कि भारत की एक महिला दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनौती दे सकती है। उषा लॉस एंजिलिस ओलंपिक में महिलाओं की 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के सौवें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गई थी। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष ने अपने कैरियर को याद करते हुए कहा,' केरल के एक छोटे से गांव पायोली में पली एक ऐसी लड़की थी, जिसे खेलना पसंद था।

## रिकर्व में ओलंपिक चैंपियन लिम से प्री-क्वार्टर फाइनल में हारी गाथा

**ग्वांगजू।** विश्व चैंपियनशिप की रिकर्व तीरंदाजी में पदक जीतने का भारत का इंतजार बढ़ गया क्योंकि देश की आखिरी उम्मीद 15 वर्षीय गाथा खडके प्री-क्वार्टर फाइनल में दुनिया की नंबर एक लिम सी-हियोन से हार गईं। इससे पहले कि गाथा कुछ समझ पाती पलक झपकते ही सब कुछ खत्म हो गया। पेरिस ओलंपिक की तिहरी स्वर्ण पदक विजेता कोरियाई खिलाड़ी ने घरेलू दर्शकों के सामने बिना किसी परेशानी के यह मैच 6-0 से जीत लिया। भारत ने आखिरी बार 2019 में विश्व चैंपियनशिप में रिकर्व वर्ग में पदक जीता था। तब तरुणदीप राय, अतनु दास और प्रवीण जाधव की पुरुष टीम ने डेन बॉश में रजत पदक हासिल किया था। दूसरी बार किसी सीनियर



अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रही गाथा कोरिया की खिलाड़ी के सामने नहीं टिक पाई। लिम ने तीन परफेक्ट 10 के साथ शुरुआत की। गाथा केवल दो 9 और एक 8 के साथ का जवाब दे सकी, जिससे उन्हें पहला सेट 26-30 से हारना पड़ा। गाथा इसके बाद भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई और इस तरह से भारतीय रिकर्व तीरंदाज लगातार तीसरी बार विश्व चैंपियनशिप से खाली हाथ लौटे।

## शेखावत का दमदार प्रदर्शन जारी फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में

**निंगबो।** भारत के निशानेबाज भावेश शेखावत ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के चौथे दिन दमदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल क्वालीफिकेशन के पहले चरण में चौथा स्थान हासिल किया। इस तरह से भावेश फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने हुए हैं। भावेश ने 97, 99 और 97 की श्रृंखला के साथ 293 का स्कोर बनाया। जर्मनी के इमानुएल म्यूलर 295 के साथ शीर्ष, जबकि फ्रांस के क्लेमेंट बेसागेट 294 के साथ दूसरे स्थान पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में प्रदीप सिंह शेखावत 288 (98, 95, 95) के साथ 24वें, जबकि मनदीप सिंह 272 (93, 91, 88) के साथ 43वें स्थान पर हैं। महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन फाइनल



में नॉर्वे की जीनेट हेग डुएस्टैड ने 466.2 के स्कोर के साथ प्रतियोगिता का अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता था। डेनमार्क की रिक्के मेंग इबसेन (463.3) और चेक गणराज्य की बारबोरा दुबस्का (451.4) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। चीन दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है।

हरियाणा सरकार
निदेशालय, सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा, हरियाणा



आज़ादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक, अम्बाला कैंट

निविदा सम्बन्धी सूचना

1857 की क्रान्ति की याद में वीर जवानों की बहादुरी एवं शहादत को नमन करने के लिए अम्बाला कैंट में (अम्बाला कैंट-दिल्ली) नेशनल हाईवे-44 पर 'आज़ादी की पहली लड़ाई का शहीद स्मारक' का निर्माण किया जा रहा है। यह एशिया का सबसे बड़ा स्मारक बनाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होगा।

स्मारक के सम्पूर्ण परिसर जैसे सम्पूर्ण प्रशासनिक ब्लॉक, संग्रहालय भवन, ऑडिटोरियम भवन, ओपन एयर थिएटर, आवासीय ब्लॉक, पार्किंग ब्लॉक, मेमोरियल टॉवर, स्मारक का बाहरी क्षेत्र जैसे गलियारे, सीढ़ियां, लॉबी, वॉशरूम, विश्राम कक्ष, पेन्ट्री, भोजनालय/कैन्टीन, सामान्य क्षेत्र, रिसेप्शन, प्रतीक्षालय, रास्ते और प्रवेश द्वार इत्यादि की सामग्री सहित सफाई हेतु हाउसकीपिंग सेवाएं प्रदान करने वाली एजेन्सी/फर्म की आवश्यकता है।

विभाग द्वारा उक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाली एजेन्सी की सेवाओं हेतु https://etenders.hry.nic.in पर टैंडर लगाकर बोलियां आमंत्रित की गई हैं, जिसकी अन्तिम तिथि 13 अक्तूबर, 2025 सायं 4:00 बजे तक है। इस टैंडर की ID-2025_HRY_471847_1 है तथा इसके दस्तावेज़ व अन्य शर्तें उक्त वेबसाइट से डाउनलोड की जा सकती है। अगर कोई बोलीदाता शहीद स्मारक देखना चाहता है तो वह किसी भी दिन सायं 5:00 बजे से पहले देख सकता है।

सूचना, लोक सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा, एस.सी.ओ. नं. 200-201, सैक्टर-17 सी, चण्डीगढ़
फोन नं. 0172-5046246 ई-मेल: directorshaheedsamarak@gmail.com
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# रक्षा सचिव राजेश सिंह बोले
# सेना के लिए रियलिटी चेक साबित हुआ ऑपरेशन सिंदूर, कई बार 'हार्ड पावर' भी दिखाना पड़ता है



*रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सशस्त्र सेनाओं के लिए एक तरह का रियलिटी चेक साबित हुआ।



इसने उन जगहों की ओर ध्यान दिलाया है, जहां देश अपनी रक्षा क्षमताओं में सुधार कर सकता है। रक्षा सचिव शुक्रवार को सदर्न कमांड डिफेंस टेक 2025 सेमिनार (स्ट्राइड 2025) को संबोधित कर रहे थे। रक्षा सचिव ने भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एयर डिफेंस सिस्टम ने शानदार प्रदर्शन किया था और पाकिस्तान के ड्रोन व मिसाइल हमलों को फेल कर दिया था। बता दें, 6-7 मई की रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में चल रहे 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

**भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से ढलना होगा**

**2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81% हिस्सा देश में ही किया**

### ज्यादातर देश सैन्य ताकत पर ध्यान दे रहे

*रक्षा सचिव ने कहा कि आज के हालात में यह साफ है कि ज्यादातर देश फिर से रक्षा और सैन्य ताकत पर विशेष ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हम कहां बेहतर कर सकते हैं और भविष्य के युद्धों की बदलती जरूरतों के हिसाब से कैसे ढलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी 'सॉफ्ट पॉवर' के साथ-साथ 'हार्ड पॉवर' भी दिखाने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि 2024 में रक्षा पूंजीगत खर्च का 81 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर ही किया गया।*

### यूएस टैरिफ का रक्षा सहयोग पर कोई प्रभाव नहीं

रक्षा सचिव ने कहा कि भारत और यूएसए के बीच चल रहे व्यापार तनाव का कोई अतिरिक्त प्रभाव नहीं पड़ेगा। 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बावजूद दोनों देशों के बीच सहयोग जारी है। अब ये व्यापारिक तनाव भी कम हो रहे हैं और हमने उनके साथ अपनी बातचीत फिर से शुरू कर दी है। उम्मीद है कि यह सफल होगी। उस अवधि के दौरान भी हमारा रक्षा सहयोग और बातचीत जारी है।

### एक साथ आएं रक्षा से जुड़े संस्थान

*सिंह ने कहा कि देश के सशस्त्र बलों की क्षमता वृद्धि की जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा जगत, डीआरडीओ (रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन) जैसे अनुसंधान संस्थानों, निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों को एक साथ लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और यूरोप में चल रहे संघर्षों ने बढ़ते वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार की प्रवृत्ति को रोक दिया है।*

### यूएस से वार्ता जारी

*रक्षा सचिव ने बताया कि अमेरिका के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता, 2+2 वार्ताएं भी हो रही हैं। ऐसी बातचीत हाल ही में हुई हैं। आगे भी जारी रहने वाली हैं। हल्के लड़ाकू विमानों के लिए जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। इसी दौरान यूएस ने भारतीय सेना को दो अपाचे भी दिए।*

---

**मोदी 13 से 15 सितंबर तक मिजोरम, मणिपुर, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार के दौरे पर**

# हिंसा के बाद पहली बार पीएम मणिपुर के दौरे पर, 8500 करोड़ की देंगे सौगात

*मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। वे यहां 8500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मणिपुर के मुख्य सचिव पुनीत कुमार गोयल ने बताया कि प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे। वहीं पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई।

मणिपुर के मुख्य सचिव ने कहा कि मणिपुर के समावेशी, सतत और समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री चुराचांदपुर में 7,300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। जबकि 1200 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की 13 सितंबर की मणिपुर यात्रा राज्य में शांति, सामान्य स्थिति और विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। पीएम मोदी चुराचांदपुर और इम्फाल में आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे। मई 2023 में कुकी और मैतेई समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद मोदी की यह पहली मणिपुर यात्रा होगी। राज्य में महीनों जारी रही हिंसा में 250 से ज्यादा लोग मारे गए और हजारों बेघर हो गए।

**दौरे से पहले उपद्रवियों-सुरक्षाबलों में झड़प**



**»** ***प्रधानमंत्री सबसे पहले मिजोरम से चुराचांदपुर पहुंचेंगे और फिर इंफाल जाएंगे***

**»** ***वे यहां आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों से बातचीत करेंगे***

### नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया

मोदी के शनिवार को मणिपुर दौरे से पहले इंफाल और चुराचांदपुर में सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं। वे मिजोरम यात्रा के बाद मणिपुर पहुंचेंगे। इंफाल में करीब 237 एकड़ में फैले कांगला किले और चुराचांदपुर के पीस ग्राउंड के आसपास बड़ी संख्या में राज्य और केंद्रीय बलों के जवान तैनात किए गए हैं। वहां पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए एक भव्य मंच का निर्माण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में राज्य में कई बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। राज्य आपदा प्रबंधन बल की नौकाओं को किले के चारों ओर की खाइयों में गश्त के लिए लगाया गया है। किसी अवांछित सामग्री का पता लगाने के लिए खोजी कुत्तों और उन्नत उपकरणों का इस्तेमाल किया जा रहा है। सुरक्षाकर्मी बारी-बारी से किले के बाहरी इलाके और परिसर में पैदल गश्त कर रहे हैं।

### उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए

पीएम मोदी के दौरे से पहले गुरुवार शाम को कुकी बहुल चुराचंदपुर जिले में दो स्थानों पर उपद्रवियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी। उपद्रवियों ने सड़कों पर लगे बैनर और कटआउट फाड़ दिए। वहीं, पियर्सनमुन गांव और फिलियन बाजार में प्रधानमंत्री के दौरे के लिए लगाए गए बैरिकेड्स को भी तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने फटे हुए टुकड़ों में आग लगा दी और भागने से पहले सुरक्षाकर्मियों पर पत्थर फेंके।

इंफाल के बाद पीएम मोदी असम का दौरा करेंगे और शाम लगभग 5 बजे गुवाहाटी में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की 100वीं जयंती के समारोह में भाग लेंगे। इस अवसर पर वह उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित करेंगे। वहीं, 14 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी असम में 18,530 करोड़ रुपए से अधिक की प्रमुख बुनियादी ढांचा और औद्योगिक विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी 15 सितंबर को पश्चिम बंगाल और बिहार रहेंगे। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल का दौरा करेंगे और सुबह लगभग 9:30 बजे कोलकाता में 16वें संयुक्त कमांडर सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करेंगे। इसके पश्चात पीएम मोदी बिहार का दौरा करेंगे और दोपहर लगभग 2:45 बजे पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे।

---

# मानवाधिकार वकील नेउर बोले- पाक 'आतंक' को बढ़ाने वाला एक और देश

## पाकिस्तान आतंकवाद पर यूएन में 4 सेकेंड में दुनिया के सामने हुआ शर्मसार

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

इजराइल के कतर पर किए गए हालिया हमले को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में चर्चा हो रही है। इस आपात बैठक में गुरुवार को पाकिस्तानी प्रतिनिधि को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। दरअसल कनाडाई मूल के मानवाधिकार वकील हिलेल नेउर ने बहस के दौरान इजराइल का बचाव करते हुए कहा कि कतर हमास नेताओं को आश्रय दे रहा है। इस पर पाकिस्तान की ओर से विरोध किया तो हिलेले ने पाक की पोल खोलते हुए कहा कि आप आतंक के पनाहगार हैं। वकील नुएर ने सिर्फ चार सेकंड और एक वाक्य में पाकिस्तान को विश्व मंच पर शर्मसार कर दिया।

### भारत ने भी जताई थी चिंता

वहीं, कतर पर हुई हमले को लेकर पीएम मोदी मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा था कि कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी से बात की और दोहा में हुए हमलों पर गहरी चिंता जताई। भारत बंधुत्वपूर्ण देश कतर की संप्रभुता के उल्लंघन की निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम मुद्दों के बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान तथा तनाव को बढ़ने से रोकने का समर्थन करते हैं। भारत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के समर्थन में तथा सभी तरह के आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ता से खड़ा है।

### पाक ने आरोपों को निराधार बताया

पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कहा कि हम निराधार आरोप लगाने का विरोध करते हैं। उन्होंने यूएनएचआरसी अध्यक्ष से कहा कि कोई भी वक्ता संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों और संप्रभु सदस्य देशों की क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन ना करे। इस समय नेउर के पास अपना भाषण पूरा करने के लिए चार सेकंड बचे थे। अपने भाषण के आखिर में नेउर ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला एक और देश है।

**171 की मौत, 1000 घायल**

### इजराइल का 72 घंटों में 6 मुस्लिम देशों पर हमला

इजराइल ने पिछले 72 घंटों में 6 देशों पर हमला किए हैं। इसमें गाजा (फिलिस्तीन) समेत सीरिया, लेबनान, कतर, यमन और ट्यूनीशिया शामिल हैं। इन हमलों में 171 लोग मारे गए और 1000 से ज्यादा घायल हुए हैं। ये हमले सोमवार से बुधवार के बीच में किए गए। इजराइल का कहना है कि वो इन देशों में आतंकी ठिकानों को निशाना बना रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे लेकर इजराइली पीएम नेतन्याहू से नाराजगी जताई है। इजराइली हमले से गाजा में 150 की मौत, यमन में 10 कतर में 6 की मौत, लेबनान में 5 की मौत हुई हैं।






---

**खबर संक्षेप**

### छत्तीसगढ़ के बीजापुर में 2 नक्सली मार गिराए

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया। साथ ही मौके से 303 रायफल सहित अन्य हथियार, विस्फोटक सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं बरामद हुई हैं। 24 घंटे के भीतर छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों को ये दूसरी बड़ी कामयाबी मिली है। गुरुवार को गरियाबंद जिले में 10 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था। इस अभियान के दौरान सुबह सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ हुई।

### गुलफिशा, खालिद इमाम की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उमर खालिद, शरजील इमाम और



गुलफिशा फातिमा की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई टाल दी। तीनों पर 2020 के दिल्ली दंगों की कथित साजिश रचने का आरोप है। आरोपियों ने दिल्ली हाईकोर्ट के 2 सितंबर के आदेश को चुनौती दी है, जिसमें नौ लोगों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। फरवरी 2020 में नागरिकता संशोधन कानून और एनआरसी के विरोध के दौरान भड़के दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी।

# हिमाचल में भूस्खलन : 586 सड़कें बंद, सांगला बस अड्डा क्षेत्र धंसा, मंडराया खतरा

एजेंसी ▶▶ शिमला



हिमाचल प्रदेश के कई भागों में रुक-रुककर बारिश का दौर लगातार जारी है। राज्य में जगह-जगह भूस्खलन से शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तीन नेशनल हाईवे सहित 586 सड़कें बंद रहीं। इसके अतिरिक्त 806 बिजली ट्रांसफार्मर व 364 जल आपूर्ति स्कीमें भी प्रभावित हैं। कुल्लू जिले में 204, मंडी 156, शिमला 57, कांगड़ा 44, चंबा 35 व सिरमौर में 32 सड़कें बंद हैं।

### राज्य के कई भागों में मौसम खराब

राजधानी शिमला सहित आसपास भागों में आज भी मौसम खराब बना हुआ है। किन्नौर जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल सांगला बस अड्डे के नजदीक शुक्रवार को करीब 11:40 बजे भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र बस अड्डे के पास बहुत बड़ा हिस्सा धंस गया है। इससे यहां खाली पेटियों से भरा एक ट्रक हवा में लटक गया। अब सांगला-छितकुल संपर्क मार्ग पर भी खतरा मंडराया हुआ है। लगातार बारिश के चलते 2 सितंबर को यहां भूस्खलन हुआ था जिससे बस अड्डा खतरे में आ गया था। अब बस अड्डे का बड़ा हिस्सा धंस गया है। बीती रात हुई भारी बारिश के चलते गांव पिपली के नजदीक भूस्खलन हुआ है।

**इटली में हुआ तटरक्षक बल का वैश्विक सम्मेलन**

# भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का कड़ा मुकाबला करने पर दिया जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तटरक्षक बल के चौथे दो दिवसीय वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुक्रवार को रोम (इटली) में समापन हुआ है। इस शिखर सम्मेलन में 115 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जो तटरक्षक सहयोग के लिए प्रमुख वैश्विक मंच के रूप में इसकी महत्ता को दर्शाता है। भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक परमेश शिवमणि ने दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने अपने



संबोधन में समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया। अगले सम्मेलन की दावेदारी जताई आईसीजी के महानिदेशक ने एक विशेषज्ञ व्याख्यान दिया। समुद्री सुरक्षा और संरक्षा में भारत की विशेषज्ञता और रचनात्मक भूमिका को रेखांकित किया।

### सामूहिक एजेंडे को आकार दें

आईसीजी के कमांडेंट अमित उनियाल ने बताया कि सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक सुरक्षित समुद्रों के लिए सामूहिक एजेंडे को आकार देने में आईसीजी प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करेगा। सम्मेलन समुद्री सुरक्षा और समुद्री पर्यावरण संरक्षण को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन में उन्नत तकनीकों, मानव संसाधन विकास और प्रशिक्षण के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय समुद्री अपराधों का मुकाबला करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25